छत्तीसगढ़ विधान सभा

प्रश्नोत्तर-सूची
फरवरी-मार्च, 2024 सत्र

गुरुवार, दिनांक 29 फरवरी, 2024

भाग-1
तारांकित प्रश्नोत्तर

जिला-कोण्डागांव अंतर्गत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) योजना से सम्बंधित

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

1. (*क्र. 2635) सुश्री लता उसेंडी : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) अंतर्गत जिला-कोण्डागांव में वर्ष 2020-21, 2021-22, 2022-23 में प्रशिक्षण हेतु व्यय की गई राशि की जानकारी मदवार देवें ? क्या प्रश्नांकित अवधि में प्रशिक्षण संबंधी कोई शिकायत प्राप्त हुई ? यदि हाँ, तो उसके निराकरण का विवरण देवें ? **(ख)** कोंडागांव जिला अंतर्गत वर्तमान में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) में कितने केडर कार्यरत हैं तथा उन्हें कितना मानदेय दिया जा रहा है तथा उक्त कार्यरत केडरों का कितने महीने से भुगतान लम्बित है ? **(ग)** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) अंतर्गत जिला-कोण्डागांव में क्लस्टर संगठन को वर्ष 2023 तक प्रदायित राशि में कितनी राशि शेष है ? कितने क्लस्टर संगठन का ऑडिट किया जा रहा है ? ऑडिट उपरांत क्या-क्या कमी पाई गई तथा उन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई ? क्लस्टरवार जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नांश 'क' की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** कोंडागांव जिला अंतर्गत वर्तमान में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) में कुल 1688 कैडर कार्यरत है। उन्हें प्रतिमाह राशि रू. 39,56,740/- मात्र भुगतान किया जा रहा है। उक्त कार्यरत कैडर का कोई भी भुगतान लंबित नहीं है। **(ग)** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) अंतर्गत जिला कोण्डागांव के संकुल स्तरीय संगठन हेतु वर्ष 2023 तक कुल राशि रू. 26,21,11,634/- प्रदाय किया गया है। उक्त के संबंध में प्रदाय करने हेतु कोई भी राशि शेष नहीं है। जिला कोण्डागांव अंतर्गत 20 कलस्टर संगठन का ऑडिट किया जा रहा है। ऑडिट उपरांत कोई भी कमी नहीं पाई गई है। जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - एक"]

कोरबा जिले में स्वीकृत निर्माण कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

2. (*क्र. 2581) श्री फूलसिंह राठिया : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कोरबा जिले के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2023-24 में जनवरी, 2024 तक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत निर्माण कार्यों की स्वीकृति की जानकारी वर्षवार, मदवार बतायें? **(ख)** क्या कोरबा जिले के अंतर्गत सत्र 2021-22 से दिसंबर, 2023 तक सभी निर्माण कार्यों को, निर्माण कर्ता एजेंसी द्वारा पूर्ण कर लिया गया है ? यदि हां, तो क्या मूल्यांकन कार्य हो चुका है ? यदि हां, तो भुगतान राशि का मदवार विवरण दें ? यदि कार्य अपूर्ण हैं तो कब तक पूर्ण कर लिए जाएंगे?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र''** अनुसार है।

प्रधानमंत्री आवास योजना से स्वीकृत आवास

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

3. (*क्र. 1254) श्रीमती रायमुनी भगत : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- जशपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत कितने हितग्राहियों को 2021 से अब तक प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किया गया हैं? कितने पूर्ण/अपूर्ण हैं? विकासखण्डवार जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के परिपेक्ष्य में विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** अनुसार है एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - दो"]

मण्डल/आयोग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के लिये टेन्ट व पण्डाल, आवास व भोजन से संबंधित भुगतान

[श्रम]

4. (*क्र. 2578) श्री राजेश मूणत : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जनवरी, 2021 से नवम्बर, 2023 तक श्रम विभाग के अंतर्गत गठित विभिन्न मण्डल/आयोग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के लिये टेन्ट व पण्डाल, आवास व भोजन से संबंधित किसको, कितना भुगतान किया गया है व कितना किया जाना शेष है ? जिलेवार, फर्मवार, कार्यक्रमवार व राशिवार जानकारी देवें ? **(ख)** उक्तानुसार फर्मों का चयन किस आधार पर किया गया है तथा जिन फर्मों को कार्य दिया गया है, क्या कार्य आदेश के दिवस फर्मों के दर अनुबंधित व जीवित थे ? यदि नहीं तो किन-किन फर्मों के नहीं थे व उन्हें किस आधार पर कितना कार्य, किस हेतु दिया गया ? उक्तानुसार कार्यक्रमों के संबंध में फर्म व भुगतान हेतु प्राप्त शिकायतों पर क्या कार्यवाही हुई ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) श्रम विभाग के अंतर्गत गठित छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल द्वारा जनवरी, 2021 से नवम्बर, 2023 तक की अवधि में विभिन्न कार्यक्रमों के लिये टेन्ट व पण्डाल, भोजन से संबंधित फर्मों को कार्यक्रमवार किये गये भुगतान एवं शेष भुगतान की मंडलवार, जिलेवार एवं फर्मवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल द्वारा प्रश्नांकित अवधि तक विभिन्न कार्यक्रमों के लिए टेन्ट व पण्डाल, भोजन से संबंधित भुगतान संबंधी जानकारी निरंक है।**(ख)** उक्तानुसार फर्मों के चयन का आधार, कार्य का स्वरूप, कार्य आदेश दिनांक को चयनित फर्मों की दरों एवं अनुबंध की वैधता के संबंध में स्थिति की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। उक्तानुसार कार्यक्रमों के संबंध में फर्म व भुगतान हेतु कोई शिकायत प्राप्त नहीं होने से कार्यवाही का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र में पंजीकृत श्रमिक

[श्रम]

5. (*क्र. 498) श्री ब्यास कश्यप : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** श्रम विभाग द्वारा कौन-कौन सी योजनाएं श्रमिक कल्याण हेतु संचालित की जा रही हैं? योजनावार, विकासखंडवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रश्नांकित अवधि तक कितने श्रमिक पंजीकृत हैं तथा पंजीकृत श्रमिकों को वर्ष 2022 से जनवरी, 2024 तक शासन की किन-किन

योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया? इन योजनाओं के अंतर्गत जनवरी, 2024 की स्थिति में कितने श्रमिकों के आवेदन लंबित हैं? विकासखंडवार, योजनावार जानकारी उपलब्ध करावें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) श्रम विभाग के अधीन संचालित छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल एवं छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत प्रदेश में श्रमिक कल्याण हेतु संचालित 72 योजनाओं की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। श्रम विभाग के मंडलों द्वारा संचालित योजनाएं प्रदेश स्तर पर होती है, न कि विकासखंड स्तर पर।**(ख)** जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 31 जनवरी 2024 तक की स्थिति में छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत 23,540 निर्माण श्रमिक, छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत 13,328 असंगठित कर्मकार एवं छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत 9,163 संगठित श्रमिक पंजीकृत हैं।श्रम विभाग के मंडलों के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों को वर्ष 2022 से जनवरी, 2024 तक मंडलों की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों तथा लंबित आवेदनों की मंडलवार, विकासखंडवार एवं योजनावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तीन"]

भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत श्रमिकों का पंजीयन एवं लाभ

[श्रम]

6. (*क्र. 1562) श्री अजय चंद्राकर : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत 2019-20 से 2023-24 में 30 नवंबर, 2023 तक कौन-कौन सी नवीन योजना बनाई गई एवं कब-कब प्रारंभ की गयी ? उन योजनांतर्गत पंजीयन हेतु कितने-कितने श्रमिकों का आवेदन प्राप्त हुआ था एवं विभाग द्वारा कितने आवेदनों को स्वीकार किया गया ? उनमें से कितने श्रमिकों को लाभान्वित किया गया ? योजनावार, वर्षवार, जिलावार बतायें ? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' उक्त योजनाओं के लिये किन-किन वर्षों में कितनी-कितनी वित्तीय व्यवस्था की आवश्यकता थी और कितनी-कितनी वित्तीय व्यवस्था की गयी थी ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत वर्ष 2019-20 से 2023-24 में 30 नवंबर, 2023 के मध्य कुल 12 नवीन योजनांए प्रारंभ हुई है। योजना का नाम एवं प्रारंभ तिथि का विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र - अ** अनुसार है।छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में संचालित योजनांतर्गत पंजीयन का प्रावधान नहीं है, अपितु मंडल के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिक द्वारा मंडल में संचालित योजनाओं के तहत् लाभ प्राप्त करने हेतु विभागीय पोर्टल में ऑनलाईन आवेदन किये जाने का प्रावधान है।प्रश्नांकित अवधि में नवीन संचालित योजना अंतर्गत ऑनलाईन विभागीय पोर्टल में प्राप्त आवेदन एवं लाभान्वित श्रमिकों की योजनावार, वर्षवार एवं जिलेवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र - ब** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश "क" में उल्लेखित योजनाओं में वर्ष 2019-20 से 2023-24 में 30 नवंबर, 2023 तक छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा योजनाओं में वित्तीय व्यवस्था का आंकलन कर आवश्यकतानुसार बजट प्रावधान किया जाता है। उक्त योजनाओं के प्रावधानित बजट की वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र - स** अनुसार है।

लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत 15वें वित्त आयोग की स्वीकृत राशि

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

7. (*क्र. 2057) श्री प्रबोध मिंज : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत वर्ष 2021-22 से 2023-24 में 25 जनवरी, 2024 तक कितने कार्यों की स्वीकृति दी गई? विकासखण्डवार जनकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' में स्वीकृत राशि की जानकारी विकासखण्डवार उपलब्ध करावें? **(ग)** स्वीकृत कार्यों में से अनियमितता की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई ? प्राप्त शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 15वें वित्त आयोग के तहत् वर्ष 2021-22 से 2023-24 में 25 जनवरी, 2024 तक विकासखण्ड अम्बिकापुर में 738 कार्य, विकासखण्ड लखनपुर में 456 कार्य एवं विकासखण्ड लुण्ड्रा में 1252 कार्य, इस प्रकार कुल 2446 कार्यों की स्वीकृति दी गयी है। **(ख)** प्रश्नांक ''क'' अनुसार विकासखण्ड अम्बिकापुर में राशि रू. 845.59 लाख, विकासखण्ड लखनपुर में राशि रू. 654.37 लाख विकासखण्ड लुण्ड्रा में राशि रू. 1527.80 लाख, इस प्रकार कुल राशि रू. 3027.76 लाख की स्वीकृति दी गयी है। **(ग)** जानकारी **निरंक** है।

विभिन्न आयोजनों में टेंट, पण्डाल व इससे संबंधित सामग्री का भुगतान

[गृह]

8. (*क्र. 2507) श्री धरमलाल कौशिक : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** जनवरी, 2023 से नवम्बर, 2023 तक गृह विभाग द्वारा टेंट, पण्डाल व इससे संबंधित सामग्री के संबंध में विभिन्न आयोजनों के अवसर पर कितनी राशि, किस फर्म को भुगतान की गई है एवं कितनी शेष है? फर्म का चयन किस आधार पर किया गया है? जिलेवार व फर्मवार जानकारी देवें ? **(ख)** कंडिका ''क'' अवधि में उपरोक्त के संबंध में प्राप्त शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई? क्या जांच अधिकारी/समिति बनाई गई तो उनके निष्कर्ष क्या थे ? वर्षवार, शिकायतवार जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में पुलिस के समस्त इकाईयों में विभिन्न आयोजनों पर टेंट, पण्डाल इससे संबंधी सामग्री के संबंध में फर्म को भुगतान, शेष, फर्म के चयन का आधार की जिलेवार व प्रकरणवार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे प्रपत्र अनुसार है । **(ख)** प्रश्नाधीन अवधि में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हैं । प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

राजनांदगांव जिलान्तर्गत किसानों के द्वारा आत्महत्या

[गृह]

9. (*क्र. 2623) श्री भोलाराम साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राजनांदगांव जिले में 01 जनवरी 2024 से जनवरी, 2024 तक किन-किन किसानों ने किन-किन कारणों से आत्महत्या की है? विकासखण्डवार, थानावार, जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका "क" के अनुसार इनमें कौन-कौन दोषी हैं? दोषियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है? **(ग)** कंडिका "क" के किन-किन मृतक के आश्रितों को कितना-कितना मुआवजा राशि प्रदान की गई है? विकासखण्डवार जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में राजनांदगांव जिले में किसी भी किसान द्वारा आत्महत्या नहीं की गई है। शेषांश उपस्थित नहीं होता है। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के प्रकाश में प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। **(ग)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

मुंगेली जिला अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग हेतु लाभान्वित हितग्राही

[वाणिज्य एवं उद्योग]

10. (*क्र. 2631) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मुंगेली जिला अंतर्गत वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों की स्थापना हेतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के कितने-कितने हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है, विवरण देवें? **(ख)** कंडिका ''क'' के तहत लाभान्वित हितग्राहियों को कौन-कौन से उद्योग की स्थापना हेतु कितनी-कितनी अनुदान राशि स्वीकृत की गई है, वर्षवार, कार्यवार एवं वर्गवार विस्तृत विवरण देवें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) मुंगेली जिला अंतर्गत प्रश्नावधि में निम्नांकित अनुसार वर्षवार वर्गवार हितग्राहियों को सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना बाबत् लाभान्वित किया गया हैः-

वर्ष	अनु. जातिहितग्राही	जनजाति हितग्राही	अपिव	योग
2021-22	02	00	10	**12**
2022-23	02	00	08	10
2023-24	04	00	02	06
योग	**08**	**00**	**20**	**28**

लाभान्वित किये गये हितग्राहियों का **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र** में दर्शित है। **(ख)** कण्डिका ''क'' के तहत् लाभान्वित हितग्राहियों का विवरण प्रश्नांश''ख'' अनुसार **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र के कॉलम 6 एवं 7** में दिये गये विवरण अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चार"]

विधानसभा क्षेत्र रायपुर ग्रामीण अंतर्गत संचालित उद्योगों द्वारा CSR FUND से किया गया व्यय

[वाणिज्य एवं उद्योग]

11. (*क्र. 2633) श्री मोतीलाल साहू : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे किः- **(क)** विधानसभा क्षेत्र रायपुर ग्रामीण के अंतर्गत संचालित उद्योगों द्वारा पिछले 03 वर्षों के CSR FUND (Corporate Social Responsibility) मद की राशि को सामाजिक उत्तरदायित्व के किन-किन कार्यों में, कहां-कहां एवं कितना व्यय किया गया है, पृथक-पृथक से जानकारी देवें। **(ख)** उक्त राशि का व्यय किन-किन एजेंसी के माध्यम से किया गया है, जानकारी देवें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) :(क) विधानसभा क्षेत्र रायपुर ग्रामीण के अंतर्गत संचालित उद्योगों द्वारा पिछले 03 वर्षों के सामाजिक उत्तरदायित्व मद के तहत विधानसभा क्षेत्र रायपुर ग्रामीण के अंतर्गत संचालित औद्योगिक इकाई द्वारा पिछले 03 वर्षों के सी.एस.आर. मद अंतर्गत स्वयं के द्वारा किये गये कार्यों की **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र** मेंदर्शित है **(ख)** औद्योगिक इकाईयों द्वारा सी.एस.आर मद में स्वयं राशि व्यय किया गया है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पाँच"]

प्रदेश में लघु एवं ग्रामोद्योग हेतु स्वीकृत प्रकरणों की संख्या

[वाणिज्य एवं उद्योग]

12. (*क्र. 2462) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला उद्योग कार्यालय महासमुंद के अंतर्गत लघु एवं ग्रामोद्योग हेतु स्वीकृत प्रकरणों की संख्या वर्ष 2021 से 2024 तक की स्थिति में बताएं तथा 28.01.2024 की स्थिति में लंबित प्रकरणों की संख्या बताएं? स्वीकृति हेतु लंबित लघु / ग्रामोद्योग के आवेदनों का निराकरण कर स्वीकृति कब तक कर दी जावेगी? **(ख)** जिला उद्योग कार्यालय महासमुंद से स्वीकृति पश्चात बैंकों द्वारा लंबित प्रकरणों पर क्या कार्यवाही की जा रही है ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र महासमुन्द अंतर्गत वर्ष 2021 से 2024 तक की स्थिति में विभाग द्वारा संचालित योजनाओं कें अंतर्गत लघु एवं ग्रामोद्योग के स्वीकृत प्रकरणों की संख्या निम्नानुसार है-(1) स्थायी पूंजी निवेश अनुदान- 97 (2) ब्याज अनुदान- 336 (3) मार्जिन मनी अनुदान- 10 (4) परियोजना प्रतिवेदन अनुदान- 2 हितग्राही मूलक योजना- (1) मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना- 66 (2) प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम- 138 (3) प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना- 06 दिनांक 28.01.2024 की स्थिति में लंबित प्रकरणों की संख्या - (1) 1. स्थायी पूंजीनिवेशअनुदान - 04 (2) मार्जिन मनी अनुदान - निरंक (3). परियोजना प्रतिवेदन अनुदान -निरंक(4) ब्याज अनुदान - 21

हितग्राही मूलक योजना- (1) मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना- निरंक (2). प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम-28 (3) प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना- निरंक लंबित प्रकरणों का निराकरण समयावधि में कर दिया जावेगा। **(ख)** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से स्वीकृति के उपरांत हितग्राही मूलक योजनाएं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के प्रकरण अनुशंसा सहित स्वीकृति हेतु बैंकों में प्रेषित किये गये है। बैंको द्वारा लंबित प्रकरणों पर निर्धारित लक्ष्य अनुसार स्वीकृति की कार्यवाही की जा रही है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र को प्राप्त लक्ष्यों की पूर्ति हेतु बैंकों से समन्वय स्थापित कर प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। वर्तमान में बैकों में लंबित प्रकरणों की संख्या - (1) मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना- 51 (2) प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम- 15 (3) प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना- 02

प्रदेश में महिलाओं/बच्चों के गुमशुदगी पर कार्यवाही बाबत्

[गृह]

13. (*क्र. 1694) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला-बालोद अंतर्गत वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में 15 जनवरी, 2024 तक कितनी महिलाएं एवं बच्चे गुमशुदा हैं ? थानावार जानकारी दें ? **(ख)** इन लापता महिलाओं एवं बच्चों की खोज करने हेतु विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ? **(ग)** कितनी लापता महिलाओं एवं बच्चों को खोजा गया है ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में जिला बालोद अन्तर्गत 539 महिलाएं एवं 128 बच्चों की गुमशुदगी दर्ज है। थानावार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।**(ख)** लापता महिलाओं एवं बच्चों की खोज हेतु जिला स्तर पर विशेष पुलिस इकाई (एस.जे.पी.यू.) एवं थानों में बाल कल्याण पुलिस अधिकारी (सी.डबल्यू.पी.ओ.) पदस्थ हैं। लापता महिलाओं एवं बच्चों की पता तलाश के लिए ईश्तहार जारी कर हर संभव प्रयास करने के साथ-साथ ऑपरेशन मुस्कान के तहत विशेष अभियान चलाये जा रहे हैं। **(ग)** 462 महिलाओं एवं 123 बच्चों को खोजा गया है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छः"]

हीरा का अवैध उत्खनन एवं तस्करी के प्रकरण तथा कार्यवाही

[गृह]

14. (*क्र. 2406) डॉ. चरण दास महंत : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** 01 जनवरी 2019 से 31 दिसम्बर 2023 तक की अवधि में हीरे की अवैध तस्करी तथा उत्खनन के कितने-कितने प्रकरण, प्रकाश में आए, जिलावार वर्षवार बताएं ? **(ख)** उक्त प्रकरणों में आरोपी का नाम, हीरा की नग संख्या, वजन तथा मूल्य क्या-क्या है ? उक्त अवधि के न्यायालय चालान, गिरफ्तारियों, जमानत तथा न्यायालय से निराकरण (सजा/बरी) की स्थिति बताएं ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि की जिलावार, वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सात"]

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

15. (*क्र. 2590) श्री सुशांत शुक्ला : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अन्तर्गत फरवरी 2021-22 से जनवरी, 2024 तक प्रोजेक्ट एप्रूवल कमेटी (Project Approval Committee) की कितनी बैठक आयोजित की गई? **(ख)** प्रश्नांश "क" की अवधि में कितने परियोजना कार्यान्वयन एजेन्सी (Project Implementation Agency) को प्रशिक्षण हेतु

लक्ष्य आबंटित किया गया ? एजेंसीवार , तिथिवार, लक्ष्य संख्या, लक्ष्यपूर्ति अवधि, एवं स्वीकृत राशि की जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ग)** प्रश्नांश "ख" के स्वीकृत राशि के विरुद्ध कितनी-कितनी राशि का भुगतान किया गया? कितने प्रशिक्षित हुए? एजेंसीवार जानकारी उपलब्ध करावें । प्रशिक्षण उपरांत कितने प्रशिक्षणार्थियों का नियोजन कितने कम्पनी/संस्थान में किया गया ? संख्या बतावें ? **(घ)** क्या निर्धारित समयावधि में लक्ष्यपूर्ति न किये जाने पर परियोजना क्रियांवयन ऐजेंसी पर अर्थदण्ड का प्रावधान है ? यदि हाँ, तो निर्धारित समयावधि तक लक्ष्यपूर्ति न करने वाले ऐजेंसियों पर कब-कब, कितना-कितना अर्थदण्ड शास्ति किया गया ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अंतर्गत फरवरी 2021-22 से जनवरी, 2024 तक प्रोजेक्ट एप्रूवल कमेटी की कुल 09 बैठकें आयोजित की गई। **(ख)** प्रश्नांश 'क' की अवधि में चाही गई जानकारी **निरंक** है। शेषांश प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता। **(ग)** प्रश्नांश 'ख' अनुसार चाही गई जानकारी **निरंक** होने के कारण प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता। **(घ)** जी हाँ, उक्त अवधि में परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी द्वारा कोई परियोजना स्वीकृति नहीं की गई है, अतः जानकारी **निरंक** है।

प्रतापपुर विधानसभा श्रेत्र में SECL द्वारा सी.एस.आर. मद में किए गए कार्य

[वाणिज्य एवं उद्योग]

16. (*क्र. 2147) श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- प्रतापपुर विधानसभा श्रेत्र में वर्ष 2021 से आज दिनांक तक SECL भटगांव क्षेत्र के द्वारा कितना राशि CSR मद में दी गयी और दी गई राशि का उपयोग कहां-कहां, किस-किस कार्य में किया गया ? जानकारी उपलब्ध करावें ।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2021 से प्रश्न दिनांक तक एसईसीएल भटगांव क्षेत्र के द्वारा सीएसआर मद में राशि रू. 71.08 लाख दी गई है। उक्त राशि का उपयोग निम्न कार्यों में किया गया है-

क्र.	वर्ष	स्थान का नाम	कार्य का नाम	व्यय राशि (लाख में)
1	2021-22	ग्राम धरमपुर जनपद पंचायत प्रतापपुर	03 स्थानों पर बोर खनन एवं मोटर पम्प स्थापना कार्य	04.50
2	2022-23	ग्राम गोंदा जनपद पंचायत प्रतापपुर	स्टॉप डेम में प्रोटेक्शन वॉल कार्य	03.30
3	2022-23	ग्राम गंगोटी जनपद पंचायत भैयाथान	जलाशय लघु सिंचाई योजना के नहर का सुरक्षा कार्य	02.49
4	2022-23	ग्राम खोरमा जनपद पंचायत प्रतापपुर	बाकी एनीकट के सुरक्षा वॉल निर्माण कार्य	02.50
5	2022-23	ग्राम पम्पापुर, केरता, धरमपुर ज0पं0 प्रतापपुर	09 स्थानों पर सौर उर्जा आधारित डुअल पम्प पाईप वाटर सप्लाई कार्य	53.40
6	2023-24	स्वामी आत्मानन्द विद्यालय जरही एवं चेन्द्र	कम्प्यूटर सेट का वितरण	04.89
	योगः-			**71.08**

विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर में स्थापित उद्योगों को देय जल आपूर्ति एवं सी.एस.आर.मद से किए गए कार्य

[वाणिज्य एवं उद्योग]

17. (*क्र. 2345) श्री रामकुमार यादव : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर में कौन-कौन से उद्योग स्थापित हैं ? इनका अधिग्रहण क्षेत्र कितना है, जिसमें कौन-कौन से गांव शामिल हैं ? विस्तृत विवरण देवें। **(ख)** उन उद्योगों के संचालन हेतु जल आपूर्ति कहाँ से एवं किस माध्यम से की जाती है ? वर्ष 2021-22 से 2023 -24 में प्रश्न अवधि तक उद्योगों द्वारा शासन को जल आपूर्ति हेतु जलभार की कितनी राशि का भुगतान किया गया है एवं किस उद्योग द्वारा कितनी राशि का भुगतान करना शेष है ? **(ग)** विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर में प्रश्न (ख) अवधि में सी.एस.आर. मद से कितनी-कितनी राशि से कितने कार्य स्वीकृत किए गए हैं एवं कितने कार्य पूर्ण/अपूर्ण हैं, जानकारी देवें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 95 उद्योग जिसमें से सूक्ष्म-24, लघु-68 एवं अतिवृहद्-03 स्थापित है, जिसकी **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ** पर दर्शित है। इनका कुल अधिग्रहण क्षेत्रफल 449.249 हेक्टेयर है, इनमें शामिल गांव की **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब** पर दर्शित है। **(ख)** कुल उद्योगों में से 92 उद्योगों की जलापूर्ति भू-जल (बोरवेल) से की जाती है तथा अतिवृहद् श्रेणी के कुल 03 उद्योगों की जलापूर्ति की भुगतान राशि एवं भुगतान किया जाना शेष राशि की **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-स** पर दर्शित है। **(ग)** प्रश्नांश में वर्णित क्षेत्र में वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक सी.एस.आर. मद में बोर, खनन, पानी टंकी प्रतिस्थापन एवं पाईपलाईन निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है जिसकी लागत राशि रू. 67,41,000/- है।
[संलग्न "परिशिष्ट - आठ"]

बिलासपुर जिला अंतर्गत संचालित वृहद् एवं मध्यम उद्योग

[वाणिज्य एवं उद्योग]

18. (*क्र. 2524) श्री धर्मजीत सिंह : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** बिलासपुर जिला अंतर्गत कितने वृहद एवं मध्यम उद्योग संचालित हो रहे हैं? विकासखण्डवार विवरण देवें? **(ख)** क्या कंडिका "क" के संचालित उद्योगों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के सभी मापदंडों के अनुरूप कार्य किया जा रहा है? यदि हां, तो विवरण देवें? **(ग)** कंडिका "क" के जिन उद्योगों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा है, उन्हें कब तक ठीक करा लिया जायेगा, विवरण देवें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) बिलासपुर जिला अंतर्गत कुल 36 वृहद एवं मध्यम उद्योग संचालित हैं। विकासखण्डवार **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र**-पर दर्शित है। **(ख)** उत्तरांश 'क' अनुसार संचालित उद्योगों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के सभी मापदण्डों के अनुरूप कार्य किया जा रहा है। **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र** के कॉलम-4 पर दर्शित है। **(ग)** उत्तरांश 'क' में वर्णित उद्योगों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के अनुरूप कार्य किया जा रहा है। अतः उन्हें ठीक कराने का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - नौ"]

विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्राप्त आवेदनों का निराकरण

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

19. (*क्र. 2564) श्री रोहित साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** गरियाबंद जिला अंतर्गत आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में जनवरी, 2023 से दिसंबर, 2023 तक कुल कितने आवेदन प्राप्त हुए? **(ख)** प्राप्त आवेदनों में कितनों का निराकरण किया जा चुका है? **(ग)** लंबित आवेदनों का निराकरण कब तक कर लिया जाएगा?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) गरियाबंद जिला अंतर्गत आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में जनवरी, 2023 से दिसंबर, 2023 तक कुल 21,432 आवेदन प्राप्त हुए। **(ख)** प्राप्त आवेदनों में से 15,032 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। **(ग)** लंबित आवेदनों में गुण-दोष के आधर पर यथासमय कार्यवाही की जावेगी। निश्चित समय बताया जाना संभव नहीं है।

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, राजनांदगांव अंतर्गत सोलर लाईटों का मूल्यांकन/सत्यापन

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

20. (*क्र. 2288) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2022 से प्रश्नावधि तक ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, राजनांदगांव के माध्यम से किये जा रहे कार्यों में इलेक्ट्रिकल (विद्युत) संबंधित कितने कार्य किये गये हैं? किये गये कार्यों का मूल्यांकन/सत्यापन का अधिकार किसे दिया गया है? मूल्यांकन/सत्यापनकर्ता अधिकारी द्वारा कुल कितने कार्यों का मूल्यांकन/सत्यापन किया गया? कार्य का नाम, विकासखंडवार देवें। **(ख)** ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग,राजनांदगांव अंतर्गत कुल कितने इलेक्ट्रिकल इंजीनियर हैं? क्या उक्त इंजीनियर द्वारा सोलर लाईट का मूल्यांकन/सत्यापन किया गया है? यदि हां, तो क्या मूल्यांकन/सत्यापन करना उनके अधिकार क्षेत्र में हैं ? यदि नहीं, तो मूल्यांकन/सत्यापन का कार्य किनके-किनके द्वारा किया गया है? कार्यवार, विकासखंडवार, वर्षवार जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) वर्ष 2022 से प्रश्नावधि तक ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, राजनांदगांव के माध्यम से किये जा रहे कार्यों में इलेक्ट्रिकल (विद्युत) संबंधित 113 कार्य स्वीकृत किये गये हैं। किये गये कार्यों के मूल्यांकन का अधिकार उप अभियंता (विद्युत) एवं सत्यापन का अधिकार सहायक अभियंता (विद्युत) को है। मूल्यांकन/सत्यापनकर्ता अधिकारी द्वारा कुल 33 कार्यों का मूल्यांकन एवं 29 कार्यों का सत्यापन किया गया। कार्यवार, विकासखंडवार एवं मूल्यांकन/ सत्यापन संबंधित जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ एवं ब''** अनुसार है। **(ख)** ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, राजनांदगांव अंतर्गत 01 उप अभियंता (विद्युत) पदस्थ है एवं मण्डल स्तर पर 01 सहायक अभियंता पदस्थ है। दोनों अभियंताओं द्वारा सोलर लाईट का मूल्यांकन/सत्यापन ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं ग्राम पंचायत दोनों स्थानों पर नहीं किया गया है। किसी के द्वारा मूल्यांकन/सत्यापन नहीं हुआ है। यदि हां संबंधित उत्तर देने का प्रश्नांश ही उपस्थित नहीं होता।

अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना से स्वीकृत निर्माण कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

21. (*क्र. 880) श्री इन्द्र कुमार साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना से जनवरी, 2022 से नवम्बर, 2023 के मध्य कौन-कौन से निर्माण/विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गयी है? कृपया ग्रामवार जानकारी देवें। **(ख)** स्वीकृत कार्यों में से कौन-कौन से कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं तथा कौन-कौन से कार्य अपूर्ण हैं? **(ग)** अपूर्ण कार्यों को कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क), **(ख)** एवं **(ग)** की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - दस"]

बड़े स्टील प्लांटों/पावर प्लांटों में अपशिष्टों को डिस्पोजल करने के प्रावधान

[वाणिज्य एवं उद्योग]

22. (*क्र. 1379) श्री अनुज शर्मा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र धरसींवा में स्थित बड़े स्टील प्लांट/पावर प्लांट शासन के प्रावधान अनुसार अपने

अपशिष्ट, आयरन ओर युक्त पानी तथा अन्य केमिकल युक्त अयोग्य अपशिष्टों को डिस्पोजल करने के क्या प्रावधान निर्धारित किए गए है? क्या उद्योग विभाग के पास प्लांटों से उत्सर्जित किये जाने वाले अपशिष्टों का वर्ष 2021 से 2023 तक का कोई आंकड़ा है? अगर है तो प्लांटवार जानकारी देवें? **(ख)** क्या क्षेत्र में स्थित स्टील प्लांट/पावर प्लांटों द्वारा अपने आयरन ओर तथा अन्य केमिकल युक्त दूषित जल के निकासी हेतु व्यवस्था की गयी है? यदि हॉ, तो क्या व्यवस्था की गयी है, इसकी जांच प्रश्नांक ''क'' अवधि में उद्योग विभाग द्वारा कब-कब की गयी है? जांच में क्या पाया गया? जांचकर्ता अधिकारी कौन-कौन थे? **(ग)** कितने किसानों की भूमि उक्त प्लांट के दूषित जल से प्रभावित है? क्या प्रश्नांश ''क'' अवधि में क्षेत्र में प्लांटों के दूषित जल से कृषि भूमि/भूमिगत जल स्त्रोतों के नुकसान होने की शिकायत विभाग को की गयी है यदि हॉ, तो उक्त शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गयी है?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से प्राप्त जानकारी के आधार पर प्रश्नांश'क' में वांछित जानकारी के संबंध में अवगत हो कि धरसींवा विधानसभा क्षेत्र में स्थित बड़े स्टील प्लांट से जनित होने वाले ठोस अपशिष्ट हेतु यथा चार-डोलोचार, स्लैग तथा ईएसपी/बैग फिल्टर से एकत्रित डस्ट का डिस्पोजल क्रमशः स्वयं के पावर प्लांट में ईंधन के रुप में उपयोग करने/अन्य पावर प्लांटों को प्रदाय करने, मैटल रिक्व्हरी उपरांत शेष स्लैग का भू-भरण करने तथा स्वयं तथा आसपास स्थित ईंट निर्माण इकाई में उपयोग करने एवं शेष डस्ट का भू भरण में उपयोग करने तथा पॉवर प्लांट से जनित फ्लाई ऐश का डिस्पोजल फ्लाई ऐश अधिसूचना 2021 के अनुसार करने आदि शर्तों के अधीन जल एवं वायु सम्मति जारी की जाती है।आयरन ओर युक्त पानी के उपचार हेतु ई.टी.पी. की स्थापना एवं ई.टी.पी. से उपचार उपरांत जल का उपयोग प्रक्रिया में पुनःचक्रित करने अथवा वृक्षारोपण, धूल दमन हेतु उपयोग करने तथा शून्य निस्सारण की स्थिति रखे जाने की शर्त सम्मति में निहित की जाती है। केमिकल युक्त अयोग्य अपशिष्टों यथा यूज्ड आयल/स्पेंट आयल, स्पेंट रेजिन आदि का अपवहन हेतु परिसंकटमय और अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन और सीमापार संचलन) नियम, 2016 के अंतर्गत जारी किये जाने वाले प्राधिकार में प्राधिकृत पुनचक्रणकर्ता को प्रदाय करने/केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित एसओपी के अनुसार अपवहन करने की शर्त दी जाती है।उद्योग विभाग के पास प्लांटों से उत्सर्जित किये जाने वाले अपशिष्टों का कोई आंकड़ा संधारित नहीं किया जाता है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से प्राप्त अभिलेखों अनुसार वर्ष 2021 से 2023 तक की अवधि में धरसींवा विधानसभा क्षेत्र में बड़े स्टील प्लांट/पावर प्लांटों से जनित होने वाले अपशिष्ट की**विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ** पर दर्शित है। **(ख)** धरसींवा विधानसभा क्षेत्र में स्थापित स्टील प्लांट/पावर प्लांटों द्वारा शून्य निस्सारण की स्थिति रखी जाती है, अतः प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। दिनांक 01.01.2021 से 31.12.2023 तक की अवधि में धरसींवा विधानसभा क्षेत्र में संचालित बड़े स्टील प्लांट/पावर प्लांट जिनकी प्रक्रिया से आयरन ओर युक्त पानी तथा अन्य केमिकल युक्त अयोग्य अपशिष्ट जल जनित होता है, की जांच के संबंध में जानकारी **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब** पर दर्शित है। **(ग)** धरसींवा विधानसभा क्षेत्र में स्थापित बड़े स्टील प्लांट/पावर प्लांटों से किसानों की भूमि दूषित जल से प्रभावित नहीं हुई है। उक्त संबंध में उद्योग विभाग को कोई शिकायत भी प्राप्त नहीं हुई है, अपितु कार्यालय तहसीलदार, धरसीवां एवं जनचैपाल में प्राप्त शिकायतों की **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-स** पर दर्शित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - ग्यारह"]

धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वीकृत आवास

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

23. (*क्र. 2584) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत जनवरी, 2024 की स्थिति में कितने आवास की स्वीकृती प्रदान की गयी है? **(ख)** कितने आवास निर्माणाधीन हैं? विकासखण्डवार जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री आवास

योजना (शहरी) की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है तथा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत जनवरी, 2024 की स्थिति में 24,325 आवास की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) अंतर्गत 60 आवास (धरमजयगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत 58 आवास एवं घरघोड़ा विकासखण्ड अंतर्गत 02 आवास) की स्वीकृति की गयी है। **(ख)** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है तथा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत धरमजयगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत 6,879 आवास तथा घरघोड़ा विकासखण्ड अंतर्गत 1,909 आवास निर्माणाधीन है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) अंतर्गत धरमजयगढ़ विकासखण्ड में 51 आवास एवं घरघोड़ा विकासखण्ड में 02 आवास, इस प्रकार कुल 53 आवास निर्माणाधीन है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बारह"]

अकलतरा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत पचपेड़ीया तालाब का पाटा जाना

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

24. (*क्र. 2594) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जनपद पंचायत अकलतरा के ग्राम पंचायत कल्याणपुर में पचपेड़ीया तालाब का निर्माण कार्य, किस वित्तीय वर्ष में मनरेगा योजना द्वारा कितनी लागत से कराया गया? कार्य की क्या स्थिति है एवं उक्त तालाब में अन्य निर्माण कार्य जैसे पचरी निर्माण में कितनी राशि व्यय की गई, जानकारी प्रदान करें? विगत तीन वर्ष की जानकारी प्रदान करें? **(ख)** पचपेड़ीया तालाब की भौतिक स्थिति क्या है? जल भराव क्षेत्र कितना है? **(ग)** पचपेड़ीया तालाब निर्माण के पश्चात् क्या तालाब को पाटकर समतलीकरण कर दिया गया है? यदि हां, तो उसकी अनुमति किसके द्वारा दी गई? एवं किस फर्म/व्यक्ति द्वारा तालाब पाटा गया? तालाब पाटने पर शासन द्वारा दोषियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के जनपद पंचायत अकलतरा के ग्राम पंचायत कल्याणपुर में पचपेड़ीया तालाब का निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2012-13 एवं 2013-14 में राशि रू. 7.77 लाख व्यय कर पूर्ण कर लिया गया है। कुल व्यय में पचरी निर्माण कार्य की राशि रू. 1.91 लाख सम्मिलित है। विगत 03 वर्ष में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत इस तालाब में कोई कार्य नहीं कराया गया है और न ही कोई राशि व्यय की गई है। **(ख)** पचपेड़ीया तालाब का जल भराव क्षेत्र 2.27 एकड़ था, जो कि वर्तमान में राखड़ एवं मुरूम से पटा हुआ है। **(ग)** जी हां। इसकी अनुमति ग्राम पंचायत द्वारा दी गई है। वर्धा संयंत्र नरियरा अकलतरा को राखड़ पाटने हेतु ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव किया गया हैं। तालाब पाटने की जांच कराई गई। जांच प्रतिवेदन में शासकीय संपत्ति को नष्ट करने के लिये ग्राम पंचायत कल्याणपुर के सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक को जिम्मेदार बताया गया। प्रकरण पर उचित कार्यवाही हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अकलतरा/बलौदा को प्रकरण प्रेषित किया गया है।

निरूद्ध व्यक्तियों को दी जाने वाली सुविधा

[जेल]

25. (*क्र. 2626) श्री किरण देव : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2019 से प्रश्नांकित अवधि के मध्य शराब एवं कोयला घोटाले में लिप्त कितने आरोपियों को न्यायालय के आदेश पर कारागार में निरूद्ध किया गया है? वर्षवार व नाम/पदनाम सहित जानकारी उपलब्ध करावें। **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार निरूद्ध व्यक्तियों को सामान्य कैदियों से अतिरिक्त सुविधा दी जा रही है? यदि हां तो क्या एवं क्यों? **(ग)** प्रश्नांश 'क' के निरूद्ध कितने आरोपियों को चिकित्सालयों में भर्ती कराया गया है? चिकित्सालय में भर्ती अवधि, दिनांकवार बतावें। **(घ)** क्या निरूद्ध व्यक्तियों को दी जा रही सुविधाओं के संबंध में अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया है? यदि हां तो निरीक्षण में क्या पाया गया? दोषियों पर क्या कार्यवाही की गई।

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) वर्ष 2019 से प्रश्नांकित अवधि के मध्य शराब तथा कोयला घोटाले में लिप्त 15 आरोपियों को माननीय न्यायालय के आदेश पर केन्द्रीय जेल रायपुर में निरूद्ध किया गया है। माननीय न्यायालय द्वारा उपरोक्त आरोपियों के संबंध में जारी वारंट में पदनाम उल्लेखित नहीं है। वर्षवार व नाम की विस्तृत जानकारी **संलग्न प्रपत्र-''अ''** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार निरूद्ध व्यक्तियों को सामान्य कैदियों की तरह सुविधा दी जा रही है। उक्त कैदियों को बैरकों में रखते हुए जेल नियमावली के अनुसार सुविधाएं दी जा रही है। **(ग)** प्रश्नांश 'क' में निरूद्ध आरोपीगणों में से 06 आरोपीगणों को चिकित्सक की सलाह पर चिकित्सालयों में भर्ती कराया गया। विस्तृत जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है। **(घ)** निरूद्ध व्यक्तियों को दी जा रही सुविधाओं के संबंध में अधिकारियों द्वारा अद्यतन निरीक्षण नही किया गया है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तेरह"]

भाग-2

नियम 46(2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नोत्तर के रुप में परिवर्तित तारांकित प्रश्नोत्तर

मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र में मनरेगा योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

1. (क्र. 387) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2021 से 31 दिसम्बर, 2023 की स्थिति में मनरेगा के तहत कितने ग्रामों में कितने-कितने कार्य/कितनी-कितनी राशि से स्वीकृत हुए हैं ? **(ख)** उक्त स्वीकृत कार्यो में कितने पूर्ण व अपूर्ण हैं तथा उन कार्यो के भुगतान की क्या स्थिति है ? **(ग)** क्या उक्त कार्यो में शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हां, तो शिकायत की जॉच पर क्या कार्यवाही हुई ? स्वीकृत कार्यो की जानकारी विकासखण्ड़वार, देने का कष्ट करें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ग)** उक्त कार्यों में शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। स्वीकृत कार्यों की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौदह"]

अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत सड़कों की स्थिति

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

2. (क्र. 941) श्री इन्द्र कुमार साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनवरी, 2021 से दिसंबर, 2023 के मध्य किन-किन स्थानों पर, कितनी-कितनी राशि के सड़क निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गयी है? **(ख)** स्वीकृत कार्यों में से कितने कार्य पूर्ण तथा कितने अपूर्ण हैं? **(ग)** अपूर्ण कार्यों में से कितने कार्यों के निर्माण अनुबंध की अवधि समाप्त हो चुकी है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) :(क) अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनवरी, 2021 से दिसंबर, 2023 के मध्य प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सड़कों की स्वीकृति की जानकारी **निरंक** है। **(ख)** स्वीकृत कार्यों की जानकारी **निरंक** होने के कारण प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। **(ग)** स्वीकृत कार्यों की जानकारी **निरंक** होने के कारण प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

जशपुर जिला में भवन विहीन ग्राम पंचायतों हेतु भवन व्यवस्था

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

3. (क्र. 1255) श्रीमती रायमुनी भगत : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- जशपुर जिले में दिसंबर, 2023 की स्थिति में कितनी भवन विहीन ग्राम पंचायतें हैं अथवा उनके जर्जर भवन है? विकासखण्डवार जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पन्द्रह "]

तकनीकी शिक्षा अंतर्गत शासकीय/निजी कॉलेज व प्लेसमेंट हेतु अनुबंध

[तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार]

4. (क्र. 1568) श्री अजय चंद्राकर : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** तकनीकी शिक्षा अंतर्गत 30 नवंबर, 2023 की स्थिति में प्रदेश में कितने आई.टी.आई, पॉलीटेक्निक व बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग/टेक्नोलॉजी के शासकीय एवं निजी कॉलेज, कहां-कहां संचालित हैं? इनमें कितने-कितने विद्यार्थी अध्यनरत् हैं? विगत पांच वर्षो में कौन-कौन से नवीन विषय प्रारंभ किये गये? प्रति वर्ष कुल कितने विद्यार्थी कोर्स पूर्ण कर उत्तीर्ण होते हैं? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' उक्त विद्यार्थियों के लिये प्लेसमेंट हेतु कंपनियों के साथ अनुबंध के संबंध में सरकार की विगत पांच वर्षो में क्या योजना रही? प्रतिवर्ष उत्तीर्ण होने वाले वाले विद्यार्थियों के विरूद्ध कितने को रोजगार दिया गया? शासकीय विभागों में भी इनके लिये इन वर्षो में कितने रोजगार के साधन बनाये गये?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नांश अवधि में आई.टी.आई. की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ एवं पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है । पॉलीटेक्निक तथा इंजीनियरिंग महाविद्यालयों की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स एवं पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-द अनुसार है । (ख)** आई.टी.आई. की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ एवं पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार है ।** तथा पॉलीटेक्निक तथा इंजीनियरिंग महाविद्यालयों की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-इ अनुसार है ।**

बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 15 वें वित्त आयोग की राशि से स्वीकृत कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

5. (क्र. 1621) श्री सम्पत अग्रवाल : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2021 से अक्तूबर, 2023 तक महासमुंद जिला अंतर्गत पंचायतवार ,जनपद पंचायतवार एवं जिला पंचायत में 15 वें वित्त आयोग की कितनी राशि कितने कार्यों के लिए स्वीकृति की गयी हैं ? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के अनुसार स्वीकृति कार्यो हेतु कितनी राशि खर्च की गयी है एवं कितनी शेष है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र''** अनुसार है।

लैलूंगा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत पंचायत विभाग की योजना

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

6. (क्र. 1913) श्रीमती विद्यावती सिदार : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- लैलूंगा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत वर्ष 2022 तथा 2023 में मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के द्वारा किन-किन निर्माण कार्यो के लिए कितनी-कितनी राशि प्रदान की गई?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सोलह"]

सीतापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल द्वारा पंजीकृत व्यक्ति

[श्रम]

7. (क्र. 2248) श्री रामकुमार टोप्पो : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** सीतापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत श्रम कल्याण निधि से वर्ष 2021-22 से 31 दिसंबर, 2023 की अवधि में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल द्वारा कितने व्यक्तियों का पंजीयन किया गया? वर्षवार विकासखण्डवार जानकारी बतावें? **(ख)** प्रश्नांक 'क' के असंगठित कर्मकारों को कुशल बनाने हेतु प्रशिक्षण देने की क्या-क्या व्यवस्था की गई तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम कहाँ-कहाँ, कितनी-कितनी अवधि के लिए

आयोजित किया गया तथा कितनी-कितनी राशि व्यय की गई? वर्षवार विकासखण्डवार जानकारी प्रदान करें? **(ग)** क्या पंजीकृत व्यक्तियों को उक्त अवधि में वितरित सामग्रियों के वितरण में अनियमितता सम्बन्धी शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हाँ, तो क्या कार्यवाही की गई?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत सीतापुर विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2021-22 से 31 दिसंबर, 2023 की अवधि में 3649 निर्माण श्रमिकों का पंजीयन किया गया है। पंजीयन की वर्षवार एवं विकासखंडवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांकित अवधि में सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत प्रशिक्षण दिए जाने की जानकारी निरंक है।**(ग)** प्रश्नांकित अवधि में सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को सामग्री वितरण की जानकारी निरंक है। अतः अनियमितता की शिकायत का प्रश्न उपस्थित नहीं होता। **[संलग्न "परिशिष्ट - सत्रह"]**

सीतापुर विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ एवं मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

8. (क्र. 2253) श्री रामकुमार टोप्पो : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** सीतापुर विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ एवं मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत वर्ष 2021-22 से 2023-24 में जनवरी, 2024 तक कुल कितने कार्य स्वीकृत किये गए एवं कितनी-कितनी राशि आबंटित की गई? विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांक 'क' के तहत स्वीकृत कार्यों में से कितने कार्य प्रारम्भ हुए, कितने पूर्ण, कितने अपूर्ण हैं?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठारह"]

खैरागढ़ व राजनांदगांव जिले में एल. डब्लू. ई. मद से स्वीकृत कार्य

[गृह]

9. (क्र. 2289) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2021 से प्रश्नावधि तक राजनांदगांव व खैरागढ़ जिले में एल.डब्लू.ई मद से सामाग्रियों का क्रय किया गया हैं ?यदि हां, तो कौन-कौन सी सामाग्रियों का क्रय किया गया? क्रय उपरांत किये गये भुगतान की सामग्रीवार, एजेंसीवार, विकासखंडवार जानकारी देवें? **(ख)** क्या एल.डब्लू.ई मद से उक्त अवधि में सोलर लाईट का कार्य किया गया हैं ?यदि हां, तो स्टीमेट व टीएस किस-किस विभाग से लिया गया? किये गये कार्यों का मूल्यांकन/सत्यापन का अधिकार किसे दिया गया है? मूल्यांकन/सत्यापनकर्ता अधिकारी द्वारा कार्यों का मूल्यांकन/सत्यापन कार्य का नाम सहित विकासखंडवार, जिलेवार देवें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जी नहीं । **(ख)** एल.डब्लू.ई. ''नामक'' कोई मद नहीं है। अतः प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्रों में पंजीकृत बेरोजगारों की संख्या

[तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार]

10. (क्र. 2368) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2021-22 से वर्ष 2023-24 में दिनांक 31 जनवरी, 2024 तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बालोद में पंजीकृत बेरोजगारों की संख्या कितनी है? वर्षवार, जानकारी देवें ? **(ख)** कण्डिका 'क' की अवधि में कितने पंजीकृत बेरोजगारों को शासकीय/अर्द्धशासीय सेवाओं में रोजगार प्राप्त हुआ है तथा

कितने को निजी क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध हुआ है? वर्षवार, जानकारी देवें ? **(ग)** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बालोद के द्वारा पंजीकृत बेरोजगारों के मार्गदर्शन एवं स्वरोजगार स्थापना हेतु क्या-क्या पहल की गयी है? जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क)रोजगार कार्यालयों में रोजगार सहायता प्राप्ति के इच्छुकों का (जिनमें बेरोजगार, उच्च रोजगार चाहने वाले, नौकरी एवं कॅरीयर मार्गदर्शन प्राप्ति हेतु आवेदक शामिल) का पंजीयन किया जाता है, पृथक से बेरोजगारों का पंजीयन नहीं किया जाता है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बालोद में जीवित पंजीकृत रोजगार इच्छुकों (बेरोजगार सहित) की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।(ख)**राज्य के रोजगार मिशन पोर्टल में जिला प्रशासन के माध्यम से दर्ज की गई शासकीय/अर्धशासकीय क्षेत्र में रोजगार प्राप्त लाभार्थी की जानकारीजानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।** परन्तु रोजगार प्राप्त लाभार्थी वास्तव में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में पंजीकृत है, यह जानकारी उपलब्ध नहीं है। रोजगार कार्यालय बालोद द्वारा पंजीकृत बेरोजगारों को रोजगार मेलों के माध्यम से प्रदत्त किए गये रोजगार की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-स अनुसार है।(ग)**जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्रों में पंजीकृत बेरोजगारों को सतत् मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। जिसमें व्यक्तिगत मार्गदर्शन, पंजीयन के समय मार्गदर्शन, शैक्षणिक संस्थाओं में भेटवार्ता कर युवाओं को कॅरीयर मार्गदर्शन, रोजगार बाजार सूचना की अध्ययतन जानकारी प्रदान की जाती है। अंतर्गत 2021-22 में 5061, 2022-2023 में 13256 एवं 2023-24 में 38836 रोजगार इच्छुकों को मार्गदर्शन प्रदान की गई।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्नीस"]

मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास न्याय योजना हेतु आर्थिक सर्वेक्षण

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

11. (क्र. 2375) श्रीमती भावना बोहरा : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास न्याय योजना हेतु कराये गये आर्थिक सर्वेक्षण में प्रदेश में कितने परिवार पात्र पाये गये? उनमें से कितने परिवार आवासहीन हैं? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के पात्र परिवारों में से कितने परिवारों को आवास दे दिया गया है एवं कितने परिवार प्रतीक्षा सूची में हैं एवं उन्हें कब तक आवास दे दिया जावेगा?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण हेतु पृथक सर्वेक्षण नहीं कराया गया है, किन्तु छत्तीसगढ़ राज्य सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के आकड़ों के आधार पर कुल 47,090 परिवार आवासहीन पाये गये। **(ख)** प्रश्नांश 'क' के पात्र परिवारों में से 47,090 आवासहीन परिवारों को आवास स्वीकृति का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत पृथक से स्थायी प्रतीक्षा सूची का प्रावधान नही है।

पेसा नियम को संशोधित करने की मांग पर कार्यवाही

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

12. (क्र. 2478) श्री प्रबोध मिंज : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) नियम, 2022 के लागू होने की तिथि 08 अगस्त, 2022 की स्थिति में राज्य की पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में कितने ग्राम एवं ग्रामसभा अस्तित्व में थे ? **(ख)** इस पेसा नियम, 2022 के तहत 08 अगस्त, 2022 से 31 जनवरी, 2024 तक कितने नए ग्राम एवं ग्रामसभा का गठन किया गया ? **(ग)** प्रश्नांक " क " के अनुसार राज्य की पांचवीं अनुसूची राजस्व एवं वन क्षेत्रों में पेसा नियम, 2022 के तहत कार्यवाही हो रही है अथवा नहीं? नहीं तो क्यों ? **(घ)** क्या पेसा नियम स्तर को संशोधित करने की मांग आदिवासी संगठनों द्वारा की गई है? यदि हां, तो विभाग द्वारा उस पर क्या कार्यवाही की जा रही है ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) छत्तीसगढ़ पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार)

नियम, 2022 के लागू होने की तिथि 08 अगस्त, 2022 की स्थिति में राज्य की पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में 10040 ग्राम एवं 10011 ग्रामसभा अस्तित्व में थे। **(ख)** इस पेसा नियम, 2022 के तहत 08 अगस्त, 2022 से 31 जनवरी, 2024 तक नये ग्राम एवं ग्रामसभा का गठन नहीं किया गया। **(ग)** प्रश्नांक ''क'' के अनुसार राज्य की पांचवीं अनुसूची राजस्व एवं वन क्षेत्रों में पेसा नियम, 2022 के तहत कार्यवाही हो रही है। **(घ)** जी हाॅ, मांग पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

मनरेगा के कार्यरत दैनिक कर्मचारियों का मानदेय व प्रदत्त अवकाश लाभ

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

13. (क्र. 2491) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला-धमतरी के मनरेगा विभाग के अन्तर्गत कलेक्टर दर (श्रमायुक्त दर) का वेतन विभाग से सीधे प्राप्त करने वाले कर्मचारियों की कुल संख्या कितनी है ? कृपया विकासखण्डवार जानकारी प्रदाय करें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार विभाग से सीधे वेतन प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश शनिवार, रविवार सहित विभिन्न शासकीय अवकाश का लाभ दिया जाता है या नहीं ? **(ग)** श्रम विभाग द्वारा निर्धारित दर में दैनिक/मासिक वेतन दिये जा रहे श्रम सम्मान राशि का लाभ दिया जा रहा है कि नहीं ? यदि नहीं तो क्यों ? कृपया अवगत करावें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जिला धमतरी में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत जिला धमतरी में 06 तथा विकासखण्ड धमतरी मे 09, कुरूद में 10, मगरलोड़ में 11 एवं नगरी में 09, इस प्रकार कुल 45 कर्मचारियों को कलेक्टर दर (श्रमायुक्त दर) से वेतन दिया जा रहा है। **(ख)** महात्मा गांधी नरेगा से सीधे वेतन प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश शनिवार, रविवार सहित विभिन्न शासकीय अवकाश का लाभ दिया जाता है। **(ग)** वित्त विभाग के निर्देशानुसार भुगतान की जाने वाली श्रम सम्मान राशि संबंधित विभाग के बजट शीर्ष के उद्देश्य शीर्ष रु 18-पारितोषिक के अंतर्गत विलकनीय होगा। महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत कलेक्टर दर (श्रमायुक्त दर) पर कार्यरत कर्मचारियों का वेतन उक्त मद से नही अपितु योजना के प्रशासकीय मद से किये जाने के कारण श्रम सम्मान निधि का राशि वर्तमान में नहीं दिया जा रहा है।

सिहावा विधान सभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री गौरव पथ योजना अन्तर्गत स्वीकृत कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

14. (क्र. 2492) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के अन्तर्गत सिहावा विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2021-22 से 31 दिसम्बर, 2023 तक कितने ग्राम गौरव पथ, 200 मीटर से अधिकतम 500 मीटर तक लम्बाई तथा 6.00 मीटर चौड़ाई, सड़क/बीच में 4.00 मीटर कांक्रीट मार्ग स्वीकृत किया गया ? कार्य की जानकारी मार्गवार, ग्रामवार, लम्बाई एवं राशि सहित देवें? कार्यो को कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : प्रश्नाधीन अवधि तक गौरवपथ की स्वीकृति **निरंक** है। शेषांश प्रश्न उपस्थित ही नहीं होता।

पंचायत विभाग में प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के स्वीकृत एवं रिक्त पद

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

15. (क्र. 2508) श्री धरमलाल कौशिक : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रश्न दिनांक की स्थिति में प्रदेश में पंचायत विभाग में प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के कौन-कौन से पद स्वीकृत, रिक्त व भरे हुए हैं? जिलेवार जानकारी देवें? **(ख)** वर्ष 2022 से उपरोक्त अधिकारियों के विरूद्ध शिकायत की गई तथा क्या कार्यवाही की गई? क्या जांच अधिकारी/समिति बनाई गई तो उनके निष्कर्ष क्या थे? वर्षवार जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ एवं ब''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ एवं ब''** अनुसार है।

उद्योगों में ग्रीन बेल्ट एवं वृक्षारोपण के संदर्भ में किये जाने वाले कार्य

[वाणिज्य एवं उद्योग]

16. (क्र. 2525) श्री धर्मजीत सिंह : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ राज्य में उद्योगों के द्वारा वृक्षारोपण एवं ग्रीन बेल्ट के संबंध में क्या नियम/ नीति एवं निर्देश है? विवरण देवें? **(ख)** कंडिका ''क'' के नियमानुकूल वर्ष 2021-22 से प्रश्नावधि तक कितने उद्योगों के द्वारा कितना-कितना वृक्षारोपण किया जाना था एवं कितना-कितना किया गया है? उसमें से कितने वृक्ष जीवित हैं एवं कितना वृक्षारोपण किया जाना शेष है? विस्तृत विवरण देवें? **(ग)** कंडिका ''ख'' के जिन उद्योगों के द्वारा ग्रीन बेल्ट एवं वृक्षारोपण नहीं किया गया है, उनके द्वारा वृक्षारोपण करने हेतु कब तक का समय दिया गया है अथवा नहीं करने की स्थिति में उनके ऊपर क्या कार्यवाही की जावेगी? विस्तृत विवरण देवें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) छत्तीसगढ़ राज्य में उद्योगों को, छत्तीसगढ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जल (प्रदूषणनिवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम 1974 तथा वायु (प्रदूषणनिवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम 1981 के तहत् जारी की जाने वाली सम्मति उद्योगों के कुल क्षेत्रफल का न्यूनतम 33 प्रतिशत् (1 तिहाई) क्षेत्र में चिन्हांकित स्थानों पर वृक्षारोपण/ग्रीनबेल्ट विकसित किये जाने की शर्तपर दी जाती है। **(ख)** उत्तरांश ''क'' के नियमानुकूल प्र"नाधीन अवधि में उद्योगों को दिये गये वृक्षारोपण का लक्ष्य एवं किए गए वृक्षारोपण की **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्ताकालय में रखें प्रपत्र अ** के कॉलम क्रमशः 3 एवं 4 में दर्शित है। जीवित वृक्षों की संख्या एवं शेष वृक्षारोपण की संख्या **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्ताकालय में रखें प्रपत्र अ के** कॉलम 5 एवं 6 में दर्शितहै। **(ग)** उत्तरांश ''ख'' के जिन उद्योगों के द्वारा ग्रीनबेल्ट एवं वृक्षारोपण नहीं किया गया है, उनसे छत्तीसगढ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा समयबद्ध कार्ययोजना सहित बैंक गारंटी जमा करवाया गया है एवं कुछ उद्योगों के द्वारा आगामी मानसून सत्र में शेष वृक्षारोपण पूरा किये जाने की आवश्यक कार्यवाही की जावेगी । **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्ताकालय में रखें प्रपत्र-ब** में दर्शितहै।उद्योगों द्वारा समयावधि में वृक्षारोपण नहीं करने की स्थिति में छत्तीसगढ पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की धाराओं के तहत् नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी

प्रदेश के दिवंगत शिक्षा शिक्षाकर्मियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

17. (क्र. 2527) श्री बालेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश के विभिन्न स्थानीय निकायों में नियुक्ति एवं संविलियन के पूर्व दिवंगत शिक्षाकर्मियों के आश्रितों के अनुकंपा नियुक्ति के कितने प्रकरण लंबित हैं कृपया निकायवार जानकारी देंगे? **(ख)** उक्त बिंदु क्रमांक "क" के अनुसार प्रकरणों के लंबित होने के क्या कारण हैं? तथा कब तक नियुक्ति दी जावेगी ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) पंचायत संचालनालय, छ.ग. के अधीनस्थ स्थानीय निकायों में नियुक्ति के लंबित प्रकरण **निरंक** है एवं संविलियन के पूर्व दिवंगत शिक्षाकर्मियों के आश्रितों के अनुकम्पा नियुक्ति के 27 प्रकरण लंबित है। निकायवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ एवं ब''** अनुसार है। **(ख)** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संविलियन पूर्व के दिवंगत शिक्षक (पंचायत) संवर्ग के आश्रितों के लिये वर्तमान में अनुकम्पा नियुक्ति संबंधी कोई भी नियम उपलब्ध नहीं होने तथा शिक्षक (पंचायत) संवर्ग के कर्मचारियों का स्कूल शिक्षा विभाग के अधीन संविलियन हो जाने के कारण कोई भी पद उपलब्ध नहीं होने के कारण अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरण लंबित है। नियुक्ति के संबंध में समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **[संलग्न "परिशिष्ट - बीस"]**

जिला-रायपुर अंतर्गत प्रधानमंत्री सड़क व मुख्यमंत्री सड़क योजना की स्वीकृति

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

18. (क्र. 2577) श्री राजेश मूणत : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला रायपुर अंतर्गत जनवरी, 2021-22 से जनवरी, 2024 तक कितनी राशि की प्रधानमंत्री सड़क व मुख्यमंत्री सड़क योजना की स्वीकृति प्रदान की गई हैं? इसमें कितने कार्य पूर्ण, अपूर्ण व कितने अप्रांरभ हैं? वर्षवार जानकारी देवें। कौन-कौन से कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण नही हुए हैं व क्यों तथा इस संबंध में संबंधित फर्मों पर क्या कार्यवाही की गई है? **(ख)** कंड़िका ''क'' अनुसार किन-किन सड़कों के लिये, किन-किन फर्मों को, कितनी राशि का भुगतान किया गया है एवं कितना भुगतान किया जाना शेष है? किन सड़कों के लिये समयावधि क्यों व कितनी बढाई गई है? इन सड़कों के संबंध में क्या-क्या शिकायतें की गई व इस पर क्या कार्यवाही की गई है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जिला रायपुर अंतर्गत जनवरी, 2021-22 से जनवरी, 2024 तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत सड़कों की स्वीकृति **निरंक** है एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना के तहत उक्त अवधि में राशि रू. 1176.78 लाख की 28 नवीनीकरण कार्य हेतु वर्ष 2023-24 में स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत कार्यों में से पूर्ण कार्य **निरंक**, 25 कार्य अपूर्ण एवं 03 कार्य अप्रारंभ है। सभी कार्य अनुबंधानुसार निर्धारित समयावधि के अंतर्गत है। अतः फर्मों पर कार्यवाही का प्रश्न उपस्थित नहीं होता। **(ख)** कंड़िका ''क'' अनुसार सड़कों के लिये फर्म, फर्म को किये गये भुगतान एवं भुगतान शेष की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। सभी स्वीकृत सड़कें अनुबंधानुसार निर्धारित समयावधि में है। अतः समयावधि वृद्धि के कारण की जानकारी **निरंक** है, इन सड़कों के संबंध में कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। अतः की गई कार्यवाही का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्कीस"]

जिला रायगढ़ अंतर्गत अमृत सरोवर मिशन के तहत स्वीकृत कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

19. (क्र. 2585) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला रायगढ़ अंतर्गत अमृत सरोवर मिशन के तहत कितने कार्य, कितनी-कितनी राशि के स्वीकृत किये गये हैं, विकासखंडवार जानकारी देवें? (ख) निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति क्या है? क्या निर्माण कार्यों का मजदूरी भुगतान कर दिया गया है? कितने कार्य पूर्ण हैं, कितने अपूर्ण हैं ? **(ग)** प्रश्नांश ''क'' अंतर्गत क्या वित्तीय अनियमितता की शिकायत प्राप्त हुआ है यदि हाँ, तो क्या कार्यवाही की जायेंगी?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** सभी अमृत सरोवर निर्माण कार्य पूर्ण है। सभी कार्यों में मजदूरी भुगतान कर दिया गया है। अतएव शेषांश प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता। **(ग)** जी नहीं। शेषांश प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - बाईस"]

बिहान योजनान्तर्गत सामुदायिक निवेश कोष से स्व-सहायता समूहों को प्रदत्त राशि

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

20. (क्र. 2591) श्री सुशांत शुक्ला : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ राज्य आजीविका मिशन "बिहान" योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-2022 से दिसंबर, 2023 तक राज्य में कुल कितने स्व-सहायता समूहों को कितनी राशि सामुदायिक निवेश कोष (CIF) के रूप में जारी की गयी ?वर्षवार, जिलावार, विकासखण्डवार जानकारी प्रदान करें। **(ख)** प्रश्नांश 'क' के जिला एवं विकासखण्डों को प्राप्त सामुदायिक निवेश कोष (CIF) से कुल कितनी राशि स्व-सहायता समूह को प्रदाय किया गया ? वर्षवार, जिला एवं विकासखण्डवार जानकारी प्रदान करें । **(ग)** प्रश्नांश "ख" के स्व-सहायता

समूह द्वारा उक्त सामुदायिक निवेश कोष (CIF) राशि में से कितनी राशि समूह के सदस्यों को ऋण के रूप में प्रदाय की गई एवं सदस्यों द्वारा कितनी राशि की ऋण वापसी की गई ? जिला एवं विकासखण्डवार जानकारी प्रदान करें ।

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब''** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स''** अनुसार है।

के.एस.के. महानदी पॉवर कंपनी लिमिटेड (KMPCL) द्वारा आदिवासी भूमि का अधिग्रहण

[वाणिज्य एवं उद्योग]

21. (क्र. 2597) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** के.एस.के. महानदी पॉवर कंपनी लिमिटेड के (KMPCL) प्लांट परिसर के अंदर ऐसी कितनी भूमि है, जिसे कंपनी द्वारा क्रय/अधिग्रहित नहीं किया गया है? ऐसी कितनी भूमि है, जिसके मुआवजा के प्रकरण लंबित हैं? खातेदारों के नाम, पता, खसरा, सहित जानकारी प्रदान करें। **(ख)** के.एस.के. महानदी पॉवर कंपनी लिमिटेड (KMPCL) द्वारा कितनी आदिवासी भूमि का क्रय/अधिग्रहण किया गया, जो भूमिहीन हो गए हैं? खसरावार एवं खातेदार का नाम, सहित जानकारी प्रदान करें।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) के.एस.के. महानदी पॉवर कम्पनी लिमिटेड ने कुल रकबा 7.41 एकड़ भूमि अभी तक कंपनी द्वारा क्रय/अधिग्रहित नहीं किया गया है। इसमें 5.97 एकड़ आदिवासी भूमिस्वामी की है एवं 1.44 एकड़ भूमि अन्य वर्ग (11 सामान्य वर्ग एवं 1 अनुसूचित जाति वर्ग) भूमिस्वामी की है। भूमि का **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ** पर दर्शित है।उपरोक्त संपूर्ण 7.41 एकड़ भूमि वर्तमान में कंपनी के आधिपत्य में है। कंपनी द्वारा आदिवासी भूमिस्वामी की भूमि रकबा 5.97 एकड़ के संबंध में क्रय की प्रक्रिया की जा रही है जो कि नियमानुसार क्रय की विभिन्न प्रक्रिया के स्तर पर है। साथ ही इस विषय में अनुसूचित जनजाति वर्ग के 15 भमिूस्वामियों की भूमि क्रय करने के लिए कलेक्टर जांजगीर-चांपा के समक्ष अनुमति संबंधी प्रकरण प्रचलन में है। इसी संदर्भ में कलेक्टर द्वारा 4 प्रकरणों (कुल रकबा 1.86 एकड़) में दिनांक 12.12.2015 को भूमि क्रय-विक्रय आदेश जारी कर दिया गया था, किन्तु प्रक्रिया पूर्ण होने के पूर्व ही संबंधित कंपनी मेसर्स के.एस.के. महानदी पावर कंपनी लिमिटेड वर्तमान में 03 अक्टूबर 2019 से वित्तीय अवरोध के कारण इनसॉलवेन्सी एण्ड बैंकरप्सी कोड के तहत् कार्यवाही का सामना कर रही है एवं कंपनी का यह संयंत्र माननीय नेशनल कंपनी ला ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) न्यायालय के समक्ष विचाराधीन होने के कारण उपरोक्त प्रकरणों के निराकरण में समय लग रहा है। शेष प्रकरणों में आगामी प्रक्रिया उपरोक्त कारणों से ही विलंबित है।1.44 एकड़ भूमि अन्य वर्ग (11 सामान्य वर्ग एवं 1 अनुसूचित जाति वर्ग) की है। इस भूमि रकबा 1.44 एकड़ के क्रय के संबंध में कंपनी तथा भूस्वामियों के मध्य क्रय-विक्रय हेतु वार्ता जारी है भूमि की नियमानुसार निर्धारित दर एवं विक्रेता भूमि स्वामी के द्वारा चाही जा रही दर के संबंध में आपसी सहमति नही होने के कारण प्रक्रिया विलंबित है। चूंकि उपरोक्त सभी प्रकरणों में कंपनी तथा भूमिस्वामियों के मध्य सीधे भूमि क्रय का विषय प्रचलन में है। अतः मुआवजे संबंधी कोई कार्यवाही प्रचलन में नही है।**(ख)** उत्तरांश ''क'' के संदर्भ में के.एस.के. महानदी पावर कंपनी द्वारा भूमि का क्रयअधिग्रहण नियमों के अनुसार अनुसूचित जनजाति वर्ग की भूमि का क्रय किसी अन्य वर्ग/कंपनी के पक्ष द्वारा किये जाने पर सर्वप्रथम वैकल्पिक भूमि क्रय किया जाना अनिवार्य होती है एवं वैकल्पिक भूमि क्रय के संबंध में प्रक्रिया प्रचलन में है, जिसके उपरांत नियमानुसार भूमि विक्रय एवं क्रय की प्रक्रिया पूर्ण हो सकेगी। प्रश्नाधीन प्रकरण में संबद्ध खातेदार की खसरावार **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब** पर दर्शित है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तेईस"]

जांजगीर- चांपा जिले में ग्राम पंचायतों द्वारा आर्थिक अनियमितता की प्राप्त शिकायतें

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

22. (क्र. 2598) श्री बालेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2021-22 से 31 दिसंबर, 2023 तक जांजगीर चांपा जिले में महात्मा गांधी नरेगा के तहत कितने पंचायतों द्वारा आर्थिक अनियमितता एवं भ्रष्टचार की शिकायतें प्राप्त हुई हैं ? **(ख)** प्रश्नांश "क" अनुसार किन-किन ग्राम पंचायतों के द्वारा किये गये भ्रष्टचार एवं आर्थिक अनियमितता के विरुद्ध लोकपाल द्वारा कार्यवाही के आदेश पारित किये गये हैं ? **(ग)** इन ग्राम पंचायतों के विरुद्ध 31 दिसंबर, 2023 तक क्या कार्यवाही हुई है ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) वर्ष 2021-22 से 31 दिसंबर, 2023 तक जांजगीर-चांपा जिले में महात्मा गांधी नरेगा के तहत् 41 पंचायतों से आर्थिक अनियमितता एवं भ्रष्टचार की शिकायतें प्राप्त हुई है। **(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौबीस"]

मानरेगा के कार्यो में अनियमितता के प्रकरणों पर कृत कार्यवाही

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

23. (क्र. 2599) श्री बालेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला सक्ती एवं जांजगीर-चांपा में वित्तीय वर्ष 2021-22 से 31 दिसंबर, 2023 तक मनरेगा के कार्यों में अनियमितता के कितने- कितने प्रकरण प्राप्त हुए हैं? **(ख)** अनियमितता की जाँच किस-किस अधिकारी द्वारा की गई? दोषियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र''** अनुसार है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश जिला जेलों में बंदियों की क्षमता

[जेल]

24. (क्र. 2602) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ प्रदेश जिला जेलों में तथा केन्द्रीय जेलों में बंदी रखने की क्षमता कितनी –कितनी है ? जेलवार बताएं ? **(ख)** प्रश्नांश "क" के विरुद्ध इन जेलों में कितने बंदी अवरुद्ध हैं ? क्षमता से कितने अधिक हैं, 31 जनवरी, 2024 की स्थिति में, जेलवार बताएं ? **(ग)** प्रदेश में जेलों में बंदी क्षमता में वृद्धि हेतु क्या-क्या अधोसरंचना व अन्य कार्य किया जा रहा है , जेलवार बताएं ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) 31 जनवरी, 2024 की स्थिति छत्तीसगढ़ प्रदेश की 20 जिला जेलों में बंदी आवास क्षमता 4842 की है तथा 05 केन्द्रीय जेलों में कुल बंदी आवास क्षमता 8653 की है । जेलवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** अनुसार है । **(ख)** 31 जनवरी, 2024 की स्थिति में प्रश्नांश''क'' के विरूद्ध 20 जिला जेलों में कुल 5907 बंदी परिरूद्ध रहे हैं एवं 05 केन्द्रीय जेलों में कुल 11452 बंदी परिरूद्ध रहे हैं। 31 जनवरी, 2024 की स्थिति में क्षमता से अधिक बंदियों की जेलवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र - अ''** अनुसार है । **(ग)** प्रदेश में जेलों की बंदी क्षमता में वृद्धि हेतु कुल 92 नग बंदी बैरक्स निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है जिसमें से 34 नग बंदी बैरक्स का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष 58 नग बंदी बैरक्स के निर्माण कार्य की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। अधोसंरचना व अन्य कार्य के संबंध में जेलवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है ।
[संलग्न "परिशिष्ट - पच्चीस"]

प्रदेश में पंजीकृत बेरोजगार

[तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार]

25. (क्र. 2603) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ प्रदेश में 31.01.2024 की स्थिति में कितने पंजीकृत बेरोजगार हैं ? जिलावार बताएं? **(ख)** प्रश्नांश "क" की तिथि में प्रदेश में बेरोजगारी दर (प्रतिशत) क्या है ? रोजगार की उपलब्धता हेतु क्या-क्या कार्य योजना बनाई जा रही है ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क)रोजगार कार्यालयों में रोजगार सहायता प्राप्ति के इच्छुकों का (जिनमें बेरोजगार, उच्च रोजगार चाहने वाले, नौकरी एवं कॅरीयर मार्गदर्शन प्राप्ति हेतु आवेदक शामिल) का पंजीयन किया जाता है, पृथक से बेरोजगारों का पंजीयन नहीं किया जाता है। रोजगार कार्यालयों में 31.01.2024 की स्थिति में जीवित पंजीकृत रोजगार इच्छुकों (बेरोजगार सहित) की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।(ख)**जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - छब्बीस"]

जिले के उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों की दुर्घटना में हुई मृत्यु पर पदत्त मुआवजा

[श्रम]

26. (क्र. 2610) श्री इंद्र साव : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा क्षेत्रांतर्गत उद्योगों/फैक्ट्रियों में वर्ष 2019-20 से प्रश्नांश तक कितने श्रमिकों की दुर्घटना में मृत्यु या गंभीर चोटें आई ? क्या सभी उद्योगों में ईलाज हेतु पर्याप्त व्यवस्था की गयी है ? यदि नहीं तो क्यों ? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' में से कितने श्रमिकों की मृत्यु कार्य पर होने के दौरान हुई और उनके परिवार को क्या-क्या मुआवजा दिया गया ? श्रमिकवार, फैक्ट्रीवार/उद्योगवार जानकारी देवें ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा क्षेत्रांतर्गत उद्योगों/ फैक्ट्रियों में वर्ष 2019-20 से प्रश्नांश (दिनांक 13.02.2024) तक घटित दुर्घटनाओं में 24 श्रमिकों की मृत्यु हुई है तथा 11 श्रमिकों को गंभीर चोटें आई है।जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में 16 कारखानों में पर्याप्त ईलाज हेतु हेल्थ सेंन्टर की व्यवस्था है। 459 कारखानों में ईलाज हेतु प्राथमिक उपचार की व्यवस्था है तथा इन कारखानों में नियमानुसार हेल्थ सेंटर की व्यवस्था करना आवश्यक नही है। **(ख)** प्रश्नांश "क" में से 24 श्रमिको की मृत्यु कार्य पर होने के दौरान हुई। मृतक श्रमिक के आश्रित को प्राप्त मुआवजा की श्रमिकवार, फैक्ट्रीवार/ उद्योगवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्ताईस"]

जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा में विभाग द्वारा अवैध शराब विक्रय पर कृत कार्यवाही

[गृह]

27. (क्र. 2611) श्री इंद्र साव : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा में अवैध शराब बेचने वालों पर 03 दिसंबर, 2023 से प्रश्नांश तक कितने लोगों पर, कब-कब एवं क्या-क्या कार्यवाही की गई ? दिनांकवार, थानावार जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : प्रश्नाधीन अवधि में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध की गई कार्यवाही की दिनांकवार, थानावार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **''प्रपत्र''** अनुसार है।

जिला- राजनांदगांव अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस-2 घटकवार किये गये कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

28. (क्र. 2614) श्री दलेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या राजनांदगांव जिला में वर्ष 2021-22 से प्रश्नावधि तक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस-2 के अंतर्गत व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय, सामुदायिक शैचालय, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन व अन्य कार्यों के लिये राशि आबंटित है ? यदि हां, तो आबंटित राशि से राजनांदगांव जिला में वर्ष 2021-22 से प्रश्नावधि तक विभिन्न घटकों में कितनी राशि, कितने कार्यों हेतु व्यय की गयी है ? आई.ई.सी. और प्रशासनिक मदों में परियोजना लागत के कितने प्रतिशत राशि व्यय करने का प्रावधान है एवं उक्त मदों में कितनी राशि, कितने कार्यों में व्यय की गयी है ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : जी हां। आबंटित राशि से राजनांदगांव जिला में वर्ष 2021-22 से प्रश्नावधि तक विभिन्न घटकों में राशि रू. 1045.544 लाख, 8843 कार्यों हेतु व्यय की गयी है। आई.ई.सी. और प्रशासनिक मदों में परियोजना लागत के 04 प्रतिशत राशि व्यय करने का प्रावधान है एवं उक्त मदों में व्यय की विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठाईस"]

राजनांदगांव जिला में महात्मा गांधी रोजगार गांरटी योजना के तहत मशीनों के उपयोग की जानकारी

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

29. (क्र. 2615) श्री दलेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या राजनांदगांव जिला में महात्मा गांधी रोजगार गांरटी योजना संचालित है ? यदि हां, तो राजनांदगांव जिला में वर्ष 2021-22 से प्रश्नावधि तक कुछ कार्यों के लिये मशीनों का उपयोग किया गया है क्या ? क्या उपयोग नियमों के अधीन किया गया है ? किन-किन मशीनों का उपयोग किन-किन कार्यों में किया जा सकता है ? कार्यवार जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : जी हां, राजनांदगांव जिला में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना संचालित है। जी हां, राजनांदगांव जिला में वर्ष 2021-22 से प्रश्नावधि तक कुछ कार्यों के लिये मशीन का उपयोग किया गया है। जी हां, मशीनों का उपयोग नियमों के अधीन किया गया है। महात्मा गांधी नरेगा के संचालन हेतु भारत सरकार द्वारा जारी वार्षिक प्रधान परिपत्र में योजनांतर्गत इस्तेमाल किये जा सकने वाली मशीनों का सुझाव उल्लेखित है, कार्यवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्तीस"]

कबीरधाम जिला अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्मित शौचालय

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

30. (क्र. 2618) श्रीमती भावना बोहरा : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** कबीरधाम जिले में वर्ष 2019-20 से 2022-23 तक स्वच्छ भारत मिशन के तहत कुल कितने शौचालय का किस योजना या मद से निर्माण कराया गया ? कितनी प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया गया एवं कितना शेष है? विकासखण्डवार जानकारी देवें । **(ख)** जिला कबीरधाम को खुले में शौच मुक्त जिला कब घोषित किया गया एवं उसके अंतर्गत आने वाले कौन-कौन से विकासखण्ड ओ.डी.एफ. कब-कब घोषित किए गए ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा):(क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तीस"]

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत में रोजगार गारंटी योजना के स्वीकृत कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

31. (क्र. 2619) श्रीमती भावना बोहरा : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2021-22 एवं वर्ष 2022-23 में रोजगार गारंटी योजना के तहत कितनी राशि के कितने कार्य स्वीकृत किए गए हैं? विकासखण्डवार जानकारी देवें। **(ख)** प्रश्नांश 'क' में स्वीकृत कार्यो में कितने कार्य पूर्ण हैं? कितने कार्य अपूर्ण हैं? कितनी राशि का भुगतान किया गया है? कितनी राशि का भुगतान किया जाना शेष है? विकासखण्डवार जानकारी देवें।

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तीस"]

जिला-बस्तर अंतर्गत बिहान योजना में महिला स्व-सहायता समूहों को प्राप्त ऋण

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

32. (क्र. 2627) श्री किरण देव : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला-बस्तर अंतर्गत जनवरी, 2019 से दिसंबर, 2023 तक बिहान योजनांतर्गत कितने महिला स्व-सहायता समूहों को बैंक के माध्यम से कितना-कितना ऋण दिया गया है ? वर्षवार, समूह संख्यावार व राशिवार जानकारी उपलब्ध करावें। **(ख)** प्रश्नांश "क" अनुसार कितने महिला स्व-सहायता समूहों का कितना-कितना ऋण माफ किया गया है, वर्षवार बताएं ? यदि नहीं किया गया है तो ऋण माफी की क्या योजना है ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत गठित महिला स्व-सहायता समूहों का कोई भी ऋण किसी भी वर्ष माफी नहीं की गई है। ऋण माफी की कोई योजना विचाराधीन नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बत्तीस"]

15 वें वित्त योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत को आवंटित राशि

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

33. (क्र. 2630) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** 15 वें वित्त योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत को किस आधार पर राशि आवंटित की जाती है, विवरण देवें? **(ख)** क्या कंडिका "क" के योजना के तहत् वित्तीय वर्ष 2023-24 की राशि ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत को आबंटित की जा चुकी है, यदि हां तो जिला-मुंगेली का विवरण देवें? **(ग)** कंडिका "क" के योजना के तहत् ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत द्वारा आबंटित राशि को किस-किस कार्य में व्यय किया जा सकता है, विवरण देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) 15वें वित्त आयोग अन्तर्गत राज्य वित्त आयोग की अनुशंसा अनुसार त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के मध्य अनुदान राशि 10: 15: 75 (जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत) के अनुपात में तथा जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायतों को 90:10 (जनसंख्या: क्षेत्रफल) के अनुपात में आबंटित किया जाता है। **(ख)** जी हां। जिला मुंगेली का विवरण निम्नानुसार है :-

(राशि रू. लाख में)

जिला पंचायत	जनपद पंचायत	ग्राम पंचायत	कुल आवंटित राशि
170.97	256.45	1282.28	1709.70

(ग) पंद्रहवें वित्त आयोग अन्तर्गत 40 प्रतिशत अनुदान राशि अनाबद्ध है जिसे ग्रामीण स्थानीय निकायों द्वारा आवश्यकतानुसार 11वीं अनुसूची के 29 विषयों पर त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं द्वारा जिला पंचायत,

जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत विकास योजना बनाकर एवं 60 प्रतिशत अनुदान राशि आबद्ध है जिसमें 30 प्रतिशत राशि पेयजल से संबंधित कार्यों पर तथा 30 प्रतिशत राशि स्वच्छता से संबंधित कार्यों पर उपयोग किये जाने का प्रावधान है।

कोण्डागांव विधानसभा क्षेत्रांतर्गत 15वें वित्त से प्राप्त राशि व व्यय

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

34. (क्र. 2636) सुश्री लता उसेंडी : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 15वें वित्त आयोग में वर्ष 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 में ग्राम पंचायतों को टाईड, अनटाईड मद में कितनी राशि प्रदान की गई तथा उक्त राशि का व्यय कितने कार्यों में किया गया ? वर्तमान में वर्ष 2023-24 तक कितनी राशि प्राप्त हुई, कितनी शेष है ? क्या 15 वें वित्त आयोग द्वारा प्रदाय की गई राशि का व्यय दिशानिर्देश के विरूद्ध किया गया ? यदि हां, तो प्राप्त शिकायत की वर्षवार जानकारी देवें। **(ख)** कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2020-21, 2021-22, 2023-24 अंतर्गत पंचायतों की कितनी राशि प्रदान की गई ? उक्त राशि का किन-किन कार्यों में व्यय करने का प्रावधान है तथा उक्त राशि को कितने कार्यों में खर्च किया गया है, वर्ष वार जानकारी देवें।

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 15वें वित्त आयोग में वर्ष 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 में ग्राम पंचायतों को टाईड मद में राशि रू. 1791.821 लाख एवं अनटाईड मद में राशि रू. 1209.862 लाख राशि प्रदान की गई तथा उक्त राशि 2695 कार्यों में व्यय किया गया है। वर्तमान में वर्ष 2023-24 तक राशि रू. 3496.249 लाख प्राप्त हुई, तथा राशि रू. 730.48 लाख शेष है। 15वें वित्त आयोग द्वारा प्रदाय की गई राशि का व्यय दिशानिर्देश के अनुरूप किया गया है, प्राप्त शिकायत की जानकारी **निरंक** है। जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2020-21, 2021-22, 2023-24 में पंचायतों को राशि रू. 2582.149 लाख प्रदान की गई। उक्त राशि का व्यय 15वें वित्त आयोग अंतर्गत 40 प्रतिशत अनुदान राशि अनटाईड है जिसे ग्रामीण स्थानीय निकायों द्वारा आवश्यकतानुसार 11वीं अनुसूची के 29 विषयों पर त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं द्वारा जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत विकास योजना बनाकर एवं 60 प्रतिशत अनुदान राशि टाईड है जिसमें 30 प्रतिशत राशि पेयजल से संबंधित कार्यों पर तथा 30 प्रतिशत राशि स्वच्छता से संबंधित कार्यों पर उपयोग किये जाने का प्रावधान है। उक्त राशि को 2258 कार्यों में खर्च किया गया है, वर्षवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब एवं स''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तैंतीस"]

सराईपाली विधान सभा क्षेत्र में दर्ज आपराधिक मामले

[गृह]

35. (क्र. 2659) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** सराईपाली विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत जनवरी, 2021 से जनवरी, 2024 तक चोरी, डकैती, हत्या, बलात्कार, हत्या का प्रयास, मानव तस्करी, सड़क दुर्घटना, जुआ-सट्टा, नशीले प्रदार्थ में कार्यवाही, ठगी तथा अवैध शराब के कितने प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं? वर्षवार/थानावार जानकारी उपलब्ध कराएं? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के दर्ज प्रकरणों में क्या कार्यवाही की गई? कितने प्रकरणों में अपराधी पकड़े जा चुके हैं और कितने पकड़ से बाहर हैं? कितने मामलों में न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया जा चुका है? कितने में जांच प्रक्रियाधीन है?वर्षवार / थानावार जानकारी उपलब्ध करायें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में सरायपाली विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत दर्ज प्रकरणों की वर्षवार, थानावार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** वर्षवार, थानावार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौंतीस"]

महासमुंद जिले में पंजीकृत श्रमिक

[श्रम]

36. (क्र. 2660) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** महासमुंद जिला अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा पिछले 02 वित्तीय वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रश्नावधि तक कुल कितने श्रमिकों का पंजीयन किया गया है? वर्षवार जानकारी बताऐं? **(ख)** प्रश्न **(क)** के पंजीकृत श्रमिकों को विभाग द्वारा कौन-कौन सी योजना के तहत राशि एवं सामान का वितरण किया गया है? वर्षवार वितरित राशि व सामग्री का विवरण दीजिए? **(ग)** प्रश्न (क) में वर्णित अवधि के दौरान कितने श्रमिकों का आवेदन लंबित है? लंबित आवेदनों का कब तक निराकरण किया जाएगा ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) महासमुंद जिला अंतर्गत श्रम विभाग के अधीन गठित छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल तथा छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल में वित्तीय वर्ष 2021-22 से वर्ष 2023-24 (31 जनवरी, 2024 तक) की स्थिति में पंजीकृत श्रमिकों की मंडलवार एवं वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है।**(ख)** महासमुंद जिला अंतर्गत छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल तथा छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल में वित्तीय वर्ष 2021-22 से वर्ष 2023-24 (31 जनवरी, 2024) तक में पंजीकृत श्रमिकों को मंडल द्वारा संचालित योजनांतर्गत वितरित राशि एवं सामग्री का मंडलवार, योजनावार एवं वर्षवार विवरण **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।**(ग)** महासमुंद जिला अंतर्गत छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल तथा छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल में वित्तीय वर्ष 2021-22 से वर्ष 2023-24 (31 जनवरी, 2024 तक) की स्थिति में श्रमिकों के पंजीयन के लंबित आवेदनों की जानकारी निरंक है तथा योजनाओं में लंबित आवेदनों का विवरण **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।योजनाओं के लंबित आवेदनों की जांच प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है उनका जांच उपरांत निराकरण कर लिया जावेगा।

[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतीस"]

भाग-3

अतारांकित प्रश्नोत्तर

जिला-जशपुर में मनरेगा से संबंधित शिकायतों की जांच पर कृत कार्यवाही

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

1. (क्र. 440) श्रीमती गोमती साय : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला जशपुर के अंतर्गत महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक के कार्यों में की गई अनियमितता, शिकायत के संबंध में कितने पंचायतों की जांच की गई? **(ख)** दोषियों के विरूद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जिला जशपुर में वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक के महात्मा गांधी नरेगा कार्यों में अनियमितता से संबंधित 09 ग्राम पंचायतों में शिकायत की जांच की गई। **(ख)** जांच में 08 शिकायतें निराधार पाया गया। 01 शिकायत की जांच में माप में भिन्नता एवं अधिक मजदूरी भुगतान होना पाया गया। उक्त अनियमितता के लिए ग्राम पंचायत कामरिया के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं तकनीकी सहायक तथा 01 कार्य में अधिक सामग्री भुगतान हेतु अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया। प्राप्त जवाब संतोषदप्रद नहीं होने पर संबंधितों से राशि वसूली हेतु पत्र जारी किया गया, तत्पश्चात् सरपंच एवं सचिव द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में प्रकरण दर्ज कराया गया, जो कि विचारधीन है।

जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र के उद्योगों को दिया गया अनुदान

[वाणिज्य एवं उद्योग]

2. (क्र. 500) श्री ब्यास कश्यप : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र में कुल कितने वृहद, लघु एवं सूक्ष्म उद्योग संचालित हैं? संचालित उद्योगों में से कितने उद्योगों को वर्ष 2021 से दिसंबर, 2023 तक कितना-कितना अनुदान, किस-किस योजना के अंतर्गत दिया गया एवं किन-किन के अनुदान प्रकरण लंबित हैं? **(ख)** उद्योग स्थापना हेतु कहां-कहां पर, कितनी-कितनी भूमि अधिग्रहित की गई है एवं कितने नवीन उद्योगों की स्थापना का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है? प्राप्त प्रस्ताव में कितने लंबित हैं?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र में वृहद (मेगा/अल्ट्रामेगा)-02, मध्यम-07, लघु-101 एवं सूक्ष्म-406 के कुल 516 उद्योग संचालित हैं। संचालित उद्योगों को प्रश्नाधीन अवधि में दिये गये अनुदान का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	योजना का नाम	उद्योगों/हितग्राहियों की संख्या	अनुदान राशि
1	स्थायी पूंजी निवेश अनुदान	19	391.54
2	मार्जिन मनी अनुदान	03	58.40
3	ब्याज अनुदान	36	73.18
4	मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना (एमएमवायएसवाय) अंतर्गत मार्जिन मनी अनुदान	22	9.94
5	प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) अंतर्गत अनुदान	5	25.14
6	प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) अंतर्गत अनुदान	128	377.07
कुल		**213**	**935.25**

उपरोक्त प्रश्नाधीन अवधि में जिन योजनाओं के अंतर्गत अनुदान प्रकरण लंबित है उनका विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	योजना का नाम	उद्योगों/हितग्राहियों की संख्या	अनुदान राशि (लाख रू. में)
1	स्थायी पूंजी निवेश अनुदान	09	262.10
2	मार्जिन मनी अनुदान	02	60.00
3	ब्याज अनुदान	10	32.67
4	मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना (एमएमवायएसवाय) अंतर्गत मार्जिन मनी अनुदान	01	0.50
5	प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) अंतर्गत अनुदान	09	33.21
कुल		**31**	**388.48**

(ख) उद्योग स्थापना हेतु प्रश्नांश 'क' में वर्णित क्षेत्र अंतर्गत राज्य स्थापना से अब तक कुल 1693.343 हेक्टेयर निजी भूमि अधिग्रहण किया जा चुका है, जिसका **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ पर** दर्शित है। विभाग द्वारा नवीन उद्योगों की स्थापना हेतु शासन को प्रस्ताव प्रेषित नहीं किया जाता, अपितु 01 (एक) नवीन उद्योग की स्थापना के लिये आवश्यक भूमि अधिग्रहण का प्रस्ताव सैद्धांतिक सहमति हेतु शासन को प्रेषित किया गया है, जो प्रक्रियाधीन है, जिसकी **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब** पर दर्शित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छत्तीस"]

रोजगार कार्यालय में पंजीयन तथा योग्यता के आधार पर बेरोजगारों को उपलब्ध रोजगार

[तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार]

3. (क्र. 1121) श्री अनुज शर्मा : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में कितने पंजीकृत बेरोजगार हैं जिलेवार पंजीकृत बेरोजगारों की जानकारी प्रदान करें? **(ख)** रोजगार कार्यालय में पंजीयन तथा योग्यता के आधार पर वर्ष 2022-23 में किन-किन जिलो में, कितने लोगो को रोजगार प्रदान किया गया है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क)रोजगार कार्यालयों में रोजगार सहायता प्राप्ति के इच्छुकों का (जिनमें बेरोजगार, उच्च रोजगार चाहने वाले, नौकरी एवं कॅरीयर मार्गदर्शन प्राप्ति हेतु आवेदक शामिल)का पंजीयन किया जाता है, पृथक से बेरोजगारों का पंजीयन नहीं किया जाता है।**जिलेवार पंजीकृत बेरोजगारों की जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।(ख)**रोजगार कार्यालयों में पंजीयन तथा योग्यता के आधार पर वर्ष 2022-23 में प्रदान किए गए रोजगार की जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब एवं संलग्न प्रपत्र-स अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतीस"]

सी.एस.आर. में प्राप्त राशि व स्वीकृत कार्य

[वाणिज्य एवं उद्योग]

4. (क्र. 1288) श्री दिलीप लहरिया : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला बिलासपुर में वर्ष 2021-22 से वर्ष 2023-24 में 20 जनवरी, 2024 तक किन-किन औद्योगिक संस्थानों से कितनी-कितनी राशि सी.एस.आर. के तहत प्राप्त हुई? वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें। **(ख)** प्रश्नांश 'क' के तहत प्राप्त राशि में से कितने कार्य, कितनी राशि के, स्वीकृत किये गये ? स्वीकृत कार्यों में से कितने कार्य पूर्ण एवं कितने अपूर्ण हैं? अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण कर लिये जावेंगे? विकासखंड वार जानकारी उपलब्ध करावें। **(ग)** प्रश्नांश 'क' के स्वीकृत कार्यों में अनियमितता की कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं ? प्राप्त शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई विकासखंवार / वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जिला बिलासपुर में वर्ष 2021-22 से वर्ष 2023-24 में 20 जनवरी, 2024 तक औद्योगिक संस्थान एन.टी.पी.सी. एवं एस.ई.सी.एल. से सी.एस.आर. के तहत् प्राप्त राशि की वर्षवार **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ** पर दर्शित है। **(ख)** उत्तरांश 'क' के तहत् प्राप्त राशि में से किये गये कार्यों की विकासखण्डवार **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब** के कॉलम 9, 10 एवं 11 पर दर्शित है। **(ग)** उत्तरांश 'क' के स्वीकृत कार्यों में अनियमितता के संबंध में कोई भी शिकायत विभाग को प्राप्त नहीं हुई है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तीस"]

मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में संचालित कोलवासरी

[वाणिज्य एवं उद्योग]

5. (क्र. 1289) श्री दिलीप लहरिया : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में कितने कोलवासरी संचालित हैं? कोलवासरी का नाम, प्रबंधक का नाम सहित विवरण देवें? **(ख)** किस-किस कोलवासरी के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए क्या-क्या कार्य किए गए हैं? विवरण देवें? **(ग)** क्या कोलवासरी में स्थानीय लोगों को रोजगार दिया गया है? **(घ)** क्या विगत 02 वर्ष में, कोलवासरी के विरुद्ध कोई शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गयी है। विवरण देवें।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में कुल 04 कोल वाशरी संचालित है। कोल वाशरी का नाम एवं प्रबंधक का नाम**विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र के कॉलम-2 एवं 3** पर दर्शित है। **(ख)** उत्तरांश 'क' अनुसार उक्त कोल वाशरी के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए किये गये कार्य की **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र के कॉलम-6** पर दर्शित है। **(ग)** जी हां, कोल वाशरी द्वारा कुल 438 स्थानीय लोगों को रोजगार दिया गया है। रोजगार की **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र के कॉलम-5** पर दर्शित है। **(घ)** जी हां, विगत 02 वर्षों में कोल वाशरी के विरुद्ध शिकायत प्राप्त हुई है। शिकायत एवं की गई कार्यवाही की **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र के कॉलम-7 एवं 8 पर** दर्शित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उनतालीस"]

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत सड़कों का संवर्धन एवं मरम्मत कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

6. (क्र. 1291) श्री दिलीप लहरिया : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत् मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत किन-किन सड़कों का 05 साल पूरा होने के बाद पुनः संवर्धन का कार्य का ठेका हुआ है ? **(ख)** किस एजेंसी को कार्य दिया गया? **(ग)** दिनांक 15.01.2024 की स्थिति में कितनी सड़कों का मरम्मत संवर्धन का कार्य लंबित है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ग)** दिनांक 15.01.2024 की स्थिति में 07 सड़कों की मरम्मत संवर्धन कार्य लंबित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चालीस"]

उद्योगों द्वारा छोड़े जाने वाले अपशिष्टों से क्षेत्र की प्रभावित भूमि

[वाणिज्य एवं उद्योग]

7. (क्र. 1505) श्री अनुज शर्मा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- विधानसभा क्षेत्र धरसींवा में स्थित विभिन्न उद्योगों द्वारा छोड़े जाने वाले अपशिष्टों से क्षेत्र के कितने क्षेत्रफल की कृषि भूमि प्रभावित हो रही है? इस प्रकार के मामलों में विगत वर्ष 2021 से 2023 तक विभाग को कितनी

शिकायतें प्राप्त हुई है ? क्या किसानों/ग्रामीणों और प्रबंधन के मध्य अथवा ग्रामीणों एवं प्रशासन के मध्य कोई समझौता हुआ है, तो किन-किन शर्तो के अधीन समझौता किया गया तथा क्या इन समझौतों पर कोई कार्यवाही की गई यदि नहीं तो क्यों और कब तक कर ली जायेगी?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र धरसीवा में स्थित विभिन्न उद्योगों द्वारा छोड़े जाने वाले अपशिष्टों से प्रभावित कृषि भूमि की जानकारी निरंक है। उद्योगों द्वारा अपशिष्ट छोड़े जाने से कृषि भूमि प्रभावित होने के संबंध में विगत वर्ष 2021 से 2023 तक प्राप्त शिकायत की **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र** पर दर्शित है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसानों/ग्रामीणों और प्रबंधन के मध्य अथवा ग्रामीणों एवं प्रशासन के मध्य कोई समझौता नहीं हुआ है। अतः समझौतों पर कार्यवाही की जानकारी निरंक मान्य की जावे।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तालीस"]

प्रदेश के किसानों के उत्पाद का निर्यात

[वाणिज्य एवं उद्योग]

8. (क्र. 1554) श्री अजय चंद्राकर : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2019-20 से 2023-24 में 30 नवंबर, 2023 तक कौन-कौन से अनाजों का, कितनी-कितनी मात्रा में, किस दर पर अन्य देशों में निर्यात किया गया? वर्षवार बतायें? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' उक्त वर्षो में कौन-कौन से अनाज का निर्यात अन्य वर्षो की तुलना में कम/ज्यादा रहा (प्रतिशत में) ? यदि कम हुआ है तो उसका कारण क्या है?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) अन्य देशों को निर्यात का विषय मूलतः केन्द्र शासन का विषय-वस्तु होने के कारण इसके आंकडों का संधारण भारत सरकार, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन डायरेक्टर जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड (डी.जी.एफ.टी.) द्वारा किया जाता है। तथापि विभाग द्वारा डी.जी.एफ.टी., नागपुर से संकलित किये गये आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2019-20 से 2023-24 में 30 नवम्बर, 2023 तक छत्तीसगढ़ राज्य से निर्यात किये गये अनाजों का कुल निर्यात राशि एवं सामग्री का नाम तथा देशों को निर्यात किया गया है उनकी वर्षवार **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ** पर दर्शित है। दर की जानकारी उपलब्ध नहीं है।**(ख)** उत्तरांश ''क'' अनुसार वर्ष 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 की क्रमशः वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22 से निर्यातित अनाजों की तुलनात्मक **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब** पर दर्शित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बयालीस"]

प्रदेश में जेलों की स्थिति

[जेल]

9. (क्र. 1570) श्री अजय चंद्राकर : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** दिनांक 30 नवंबर, 2023 की स्थिति में प्रदेश में केन्द्रीय/जिला/उपजेलों की संख्या कितनी है और उनकी क्षमता कितनी है? क्षमता के विरूद्ध इन जेलों में कितने कैदी अधिक हैं? जेलवार बतानें का कष्ट करें? **(ख)** दिनांक 1 दिसम्बर, 2018 से 30 नवंबर 2023 तक जेल में कितने कैदियों की मृत्यु हुयी है एवं प्रति कैदी, प्रतिदिन के हिसाब से भोजन खर्च कितना है तथा ईलाज का खर्च कितना हैं ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) दिनांक 30 नवंबर, 2023 की स्थिति में प्रदेश में 05 केन्द्रीय जेल, 20 जिला जेल एवं 08 उप जेल है और उनकी क्षमता एवं क्षमता के विरूद्ध इन जेलों में परिरूद्ध अधिक कैदी की जेलवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** दिनांक 1 दिसम्बर, 2018 से 30 नवंबर, 2023 तक जेल अभिरक्षा में 338 कैदियों की मृत्यु हुई है। जेल नियमावली के नियमों में कैदी को दिये जाने वाले भोजन हेतु खाद्य सामग्री की मात्रा निर्धारित है तद्अनुसार उक्त नियमों में उपबंधित प्रावधानों के अंतर्गत

कैदियों को भोजन दिया जाता है। प्रतिकैदी, प्रतिदिन के हिसाब से ईलाज का खर्च निर्धारित नही है, कैदी के ईलाज पर होने वाले सम्पूर्ण व्यय की प्रतिपूर्ति जेल विभाग द्वारा की जाती है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरालीस"]

प्रदेश में निवेश की राशि

[वाणिज्य एवं उद्योग]

10. (क्र. 1619) श्री सम्पत अग्रवाल : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2021 से जुलाई, 2023 तक प्रदेश में उद्योग स्थापना के लिए कितना निवेश हुआ? वर्षवार जानकारी देवें ? **(ख)** कंडिका ''क'' के अनुसार क्या FDI के तहत निवेश हुआ? यदि हाँ तो किस क्षेत्र में तथा किसके द्वारा कितनी राशि का निवेश प्राप्त हुआ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) वर्ष 2021 से जुलाई, 2023 तक प्रदेश में उद्योग स्थापना हेतु राशि रूपये 22263.68 करोड़ का पूंजी निवेश हुआ है। वर्षवार जानकारी निम्नानुसार है:-

क्र.	वर्ष	निवेशकों द्वारा सूचित पूंजी निवेश (राशि रूपये करोड़ में)
1	2021	3807.69
2	2022	16197.10
3	जुलाई, 2023 तक	2258.89
कुलः-		**22263.68**

(ख) जी नहीं, उत्तरांश ''क'' अनुसार एफडीआई अंतर्गत कोई निवेश नहीं हुआ है। अतः प्रश्नांश की शेष जानकारी निरंक मान्य की जावे।

बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायतों से मनरेगा के तहत विकास कार्यो की स्वीकृति

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

11. (क्र. 1620) श्री सम्पत अग्रवाल : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 2022-23 में कितने ग्राम पंचायतों से मनरेगा के तहत विकास कार्यो की स्वीकृति हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं? इनमे से कितने ग्राम पंचायतों को कार्य की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है एवं कितने ग्राम पंचायतों के आवेदन लंबित हैं?लंबित होने के क्या कारण हैं? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के अनुसार मनरेगा के तहत कार्यो की स्वीकृति का क्या मापदंड है तथा ऐसे कितने ग्राम पंचायत हैं, जिन्हें मनरेगा से अब तक किसी भी कार्य की स्वीकृति नहीं मिली है ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) बसना विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2022-23 में 153 ग्राम पंचायतों से महात्मा गांधी नरेगा के तहत 1323 विकास कार्यों की स्वीकृति हेतु आवेदन प्राप्त हुये हैं, इनमें से 153 ग्राम पंचायतों के 1317 कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है एवं महात्मा गांधी नरेगा के प्रावधानों/मापदण्डों के अनुरूप नहीं होने के कारण 06 ग्राम पंचायतों के 06 विकास कार्यों के आवेदन लंबित है। **(ख)** महात्मा गांधी नरेगा की वार्षिक मास्टर परिपत्र में उल्लेखित अनुमेय कार्यों का प्रस्ताव प्राप्त होने पर कार्य की मांग, कार्य की उपयोगिता एवं मजदूरी तथा सामग्री अनुपात को ध्यान में रखते हुये तथा प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन (एन.आर.एम.), कृषि संबंधी कार्यों आदि के मापदंड अनुसार आंकलन कर स्वीकृति की कार्यवाही की जाती हैं। प्रश्नांश ''क'' की अवधि में बसना विधानसभा क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी नरेगा के तहत कार्य स्वीकृत हुआ है।

डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लाभान्वित हितग्राही

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

12. (क्र. 1695) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2022-23 से जनवरी, 2024 तक प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कितने ग्राम पंचायतों में, कितने हितग्राहियों को आवास निर्माण हेतु स्वीकृति दी गई है, विकासखण्डवार जानकारी देवें ? **(ख)** स्वीकृत आवास के विरूद्ध कितने आवास पूर्ण एवं कितने अपूर्ण हैं एवं कितने आवास अप्रारंभ हैं कितने हितग्राहियों को कितने किश्त की राशि भुगतान की जा चुकी है ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चवालीस"]

जिला रायगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत चयनित हितग्राही एवं आवास निर्माण की स्थिति

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

13. (क्र. 1917) श्रीमती विद्यावती सिदार : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला रायगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जनवरी, 2024 की स्थिति में कितने शहरी एवं ग्रामीण हितग्राहियों का पंजीयन/चयन किया गया है तथा प्रश्नांश अवधि तक कितनी राशि आवास निर्माण हेतु जारी की गई है? विकासखण्डवार जानकारी देवें। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के तहत आवास निर्माण पूर्ण/अपूर्ण की जानकारी विकासखण्डवार देवें? **(ग)** आवास निर्माण हेतु शहरी एवं ग्रामीण हितग्राहियों को कितनी-कितनी राशि उपलब्ध कराई गई है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** अनुसार है एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है। **(ख)** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-स''** अनुसार है एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है। **(ग)** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-द''** अनुसार है एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतालीस"]

अविभाजित राजनांदगांव जिला में उद्योगों को आबंटित भूमि

[वाणिज्य एवं उद्योग]

14. (क्र. 2036) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2021 से लेकर दिनांक 30 जनवरी, 2024 तक अविभाजित राजनांदगांव जिला (खैरागढ़-छुईखदान-गंडई व मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी सहित) में किन-किन उद्योगों को कहां-कहां कितनी भूमि आबंटित की गई है या उद्योगों द्वारा अधिग्रहण किया गया है ? ब्यौरा उपलब्ध करवाएंगे। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के कितने प्रभावितों को मुआवजे का आबंटन किया गया है ? जानकारी देवें? **(ग)** उक्त अवधि में किन-किन उद्योगों को आबंटित या उनके द्वारा अधिग्रहीत भूखंड लौटाए गए हैं और इसके लिए क्या प्रक्रिया पूरी की गई है ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) वर्ष 2021 से लेकर 30 जनवरी 2024 तक अविभाजित राजनांदगांव जिले (खैरागढ़-छुईखदान-गंडई व मोहला- मानपुर-अंबागढ़ चैकी सहित) में निम्नांकित विवरण अनुसार औद्योगिक इकाईयों को भूमि का आबंटन किया गया है :-

क्र.	जिले का नाम	औद्योगिक संस्थान/क्षेत्र का नाम	इकाई का नाम व भूखण्ड क्रमांक	आबंटित रकबा (वर्गफीट में)
1	राजनांदगांव	औद्योगिक संस्थान राजनांदगांव	मेसर्स एबीस एक्सपोर्ट (इंडिया) प्रा.लि., भूखण्ड क्रमांक ए-1	10004
2			मेसर्स उर्वशी इण्डस्ट्रीज, भूखण्ड क्रमांक-22	37500
3			मेसर्स दुलीचंद शिवचंद पारख, भूखण्ड क्रमांक-27	11560
4		औद्योगिक क्षेत्र सोमनी	मेसर्स फोर्ट विलियम फ्लेक्सीबल युनिट-III भूखण्ड क्रमांक-9	18000
5			मेसर्स अरिहंत एसोसिएट्स, भूखण्ड क्रमांक 9-ए	20000

विभाग में उपलब्ध जानकारी के अनुसार प्रश्नाधीन क्षेत्र में उद्योगों द्वारा भूमि का अधिग्रहण नहीं किया गया है, अपितु आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016 के अंतर्गत ग्राम- बिजेतला तह. व जिला-राजनांदगांव में उद्योग विभाग द्वारा प्रश्नाधीन अवधि में कृषकों से रकबा 8.310 हेक्ट. भूमि क्रय की गई है। **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ** पर दर्शित है।(ब) उत्तरांश 'क' अनुसार विभाग द्वारा आपसी सहमति से क्रय की गई भूमि के प्रतिफल की कुल राशि रू. 2,23,49,526/- (रू. दो करोड़ तेईस लाख उन्चास हजार पांच सौ छब्बीस मात्र) 08 भू-स्वामियों को भुगतान किया गया है।**(ग)** उक्त अवधि में ''छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम-2015 (यथा संशोधित)'' में निहित प्रावधानों के अंतर्गत औद्योगिक संस्थान राजनांदगांव में उद्योगों को आबंटित भूखण्डों में कुल 03 भूखण्ड विभाग द्वारा वापस प्राप्त किया जाकर उक्त भूखण्ड नवीन उद्योगों को आबंटित किये गये हैं। **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब** पर दर्शित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छियालीस"]

खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्वीकृत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क व मुख्यमंत्री सड़क

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

15. (क्र. 2217) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2018 से 2023-24 में दिसंबर,23 तक कुल कितने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कितने-कितने कार्य,कहां-कहां, कितनी-कितनी राशि के स्वीकृत किए गए? सड़कों का निर्माण कब प्रारंभ किया गया ,कब तक पूर्ण किया गया ,जिस के संबंध में पूर्णता प्रमाणपत्र कब जारी किया गया ? जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांक "क" अनुसार स्वीकृत कार्यों में से कितने सड़क 5 वर्षो से पूर्व संधारण योग्य पाये गये? किन-किन सड़कों का संधारण कार्य, कितनी-कितनी लागत से एजेंसी द्वारा किया गया? संधारण कार्य वर्षवार,एजेंसीवार सड़कवार जानकारी देवें? **(ग)** क्या प्रश्नांक "क" एवं "ख" के कार्यो में अनियमितता पाई गई या अनियमितता की शिकायतें कहाँ- कहाँ से प्राप्त हुई ? प्राप्त शिकायतों के आधार पर दोषियों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई? **(घ)** प्रश्नांक "क" के तारतम्य में कितनी-कितनी सड़कों का 5 वर्ष के संधारण के पूर्णतः पश्चात नवीनीकरण का कार्य स्वीकृत किया किया गया है? स्वीकृत कार्यो में कितने कार्यो में से कितने कार्य पूर्ण, कितने अपूर्ण हैं?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत् सभी स्वीकृत 45 सड़कें 05 वर्ष संधारण अवधि अंतर्गत है एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत 01 सड़क संधारण अंतर्गत है। संधारण कार्य की जानकारी वर्षवार, एजेंसीवार, सड़कवार **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब''** अनुसार है। **(ग)** जी हाँ। जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स''** अनुसार है। **(घ)** प्रश्नांक 'क' के तारतम्य में दोनों योजना अंतर्गत नवीनीकरण स्वीकृति की जानकारी **निरंक** है। शेषांश प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।

प्रदेश में धर्मांतरण के प्रकरण

[गृह]

16. (क्र. 2260) श्रीमती गोमती साय : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ प्रदेश में वर्ष 2018-19 से 2023-24 तक कहॉ-कहॉ, कितनी-कितनी संख्या में धर्मांतरण के प्रकरण दर्ज हुए हैं अथवा प्रकरण संज्ञान में आये हैं, जिलेवार ब्यौरा देवें। **(ख)** धर्मांतरण को रोकने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहें है? ब्यौरा प्रदान किया जावे?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाशं अवधि में धर्मांतरण के दर्ज प्रकरण की जानकारी जिलेवार **प्रपत्र पर संलग्न** है।**(ख)** धर्मांतरण संबंधी जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतालीस"]

जिला जांजगीर-चांपा में सी.एस.आर. मद से प्राप्त एवं व्यय राशि

[वाणिज्य एवं उद्योग]

17. (क्र. 2262) श्री ब्यास कश्यप : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2021-22 से प्रश्नांकित अवधि तक जिला जांजगीर-चांपा में संचालित किन-किन उद्योगों द्वारा कितनी-कितनी राशि सी.एस.आर. मद में दी गई? वर्षवार जानकारी देवें। **(ख)** सी.एस.आर. मद में राशि देने हेतु उद्योगों हेतु तथा प्राप्त राशि को व्यय करने के क्या-क्या नियम/मापदंड निर्धारित हैं? इस मद से प्राप्त राशि, किसके अनुमोदन से, किसकी निगरानी में ,किन-किन कार्यो में व्यय की जा सकती है? प्रश्नांकित अवधि में प्राप्त राशि, कितने कार्यो में की गई? वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ग)** क्या प्रश्नांश 'क' की प्राप्त राशि प्रभावित ग्रामों में खर्च नहीं करने एवं किये गये कार्यो में अनियमितता की शिकायतें प्राप्त हुई? यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) वर्ष 2021-22 से प्रश्नांकित अवधि तक जिला जांजगीर-चांपा में संचालित उद्योगों द्वारा सी.एस.आर. मद में दी गई राशि की वर्षवार **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-'अ'** पर दर्शित है। **(ख)** सी.एस.आर. मद में राशि देने हेतु उद्योगों/कंपनियों हेतु एवं उसको खर्च करने की प्रक्रिया भारत सरकार द्वारा जारी कंपनी अधिनियम 2013 तथा कंपनी (कार्पोरेट सामाजिक दायित्व नीति) नियम 2014 का (यथासंशोधित) के प्रावधानों द्वारा प्रशासित होती है। कंपनी अधिनियम की धारा 135 सहपठित कंपनी (सीएसआर पॉलिसी) नियम 2014 के प्रावधानों के अंतर्गत निर्धारित मदों में सीएसआर राशि पर नियंत्रण संबंधित उद्योगों/कंपनियों के बोर्ड द्वारा किया जाता है। प्र"नांकित अवधि में प्राप्त किये कार्यो की वर्षवार **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-'ब'** पर दर्शित है। **(ग)** प्रश्नांश 'क' की प्राप्त राशि से किये गये कार्यों में अनियमितता की शिकायत जिला कार्यालय में प्राप्त हुई। उक्त शिकायत पर कार्यवाही करते हुए जिला प्रशासन द्वारा तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर जांच कराई गई। जांच टीम के प्रतिवेदन अनुसार गंभीर अनियमितता नहीं पाई गई है। जांच प्रतिवेदन की **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-'स'** पर दर्शित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तालीस"]

विभाग द्वारा कसडोल विधानसभा क्षेत्र में सामग्री का वितरण

[श्रम]

18. (क्र. 2271) श्री संदीप साहू : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कसडोल विधानसभा क्षेत्र में श्रम विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में 31 जनवरी, 2024 तक कितनी व कौन-कौन सी सामग्री, कितने हितग्राहियों को वितरित की गई है? विकासखंडवार

जानकारी देवें ? **(ख)** उक्त अवधि में नवीन मजदूर कार्ड बनाने व नवीनीकरण के कितने प्रकरण लंबित हैं तथा कितने प्रकरण निरस्त किये गये हैं? वर्षवार व विकासखंड वार जानकारी देवें ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) कसडोल विधानसभा क्षेत्र में श्रम विभाग के अंतर्गत गठित छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में 31 जनवरी, 2024 तक मंडल में संचालित सामग्री मूलक योजनाओं अंतर्गत सामग्री वितरण नहीं किया गया है अपितु उक्त अवधि में मंडल अंतर्गत संचालित सामग्री मूलक योजनाओं में सामग्री के स्थान पर राशि से पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को लाभांवित किया गया है। जिसकी योजनावार एवं विकासखंडवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है।छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल एवं छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में 31 जनवरी, 2024 तक सामग्री मूलक योजनाओं में हितग्राहियों को सामग्री वितरण की जानकारी निरंक है। **(ख)** प्रश्नांकित अवधि में मंडलों के अंतर्गत नवीन मजदूर कार्ड एवं नवीनीकरण से संबंधित लंबित एवं निरस्त प्रकरणों की मंडलवार, वर्षवार एवं विकासखंडवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में श्रमिकों के पंजीयन के नवीनीकरण का प्रावधान नहीं है।छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत मजदूर कार्ड बनाने एवं नवीनीकरण किए जाने का प्रावधान नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्चास"]

कसडोल विधानसभा में संचालित उद्योगों द्वारा सीएसआर मद से निर्मित कार्य

[वाणिज्य एवं उद्योग]

19. (क्र. 2272) श्री संदीप साहू : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कसडोल विधानसभा क्षेत्र में दिसंबर, 2023 की स्थिति में कितने व कौन-कौन से उद्योग संचालित हैं? **(ख)** क्या शासन द्वारा उद्योगों को सी.एस.आर. मद से सहायता व निर्माण कार्य कराने हेतु दिशानिर्देश जारी किये गये हैं? यदि हां, तो कसडोल विधानसभा क्षेत्रांतर्गत विगत 2 वर्षो में कहां-कहां निर्माण कराये गए? उद्योगवार कार्य की जानकारी देवें।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) कसडोल विधानसभा क्षेत्र में 61 सूक्ष्म एवं लघु उद्योग पंजीकृत है। **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखेप्रपत्र-''अ''** पर दर्शित है। **(ख)** सीएसआर की राशि उद्योगो से लेने एवं उसको खर्च करने की प्रक्रिया भारत सरकार द्वारा लागू कंपनी अधिनियम 2013 तथा कंपनी (कार्पोरेट सामाजिक दायित्व नीति) नियम 2014 का यथा संशोधित के द्वारा प्रशासित होती है। सीएसआर दिशा-निर्देश की **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखेप्रपत्र-''ब''** पर दर्शित है। कसडोल विधानसभा क्षेत्रांतर्गत विगत 2 वर्षो में औद्योगिक इकाईयों द्वारा सीएसआर अंतर्गत कराये गये कार्यो की जानकारी निम्नानुसार है -

क्रं.	कंपनी का नाम	वर्ष	कार्य का विवरण	व्यय की गईराशि(लाख)	रिमार्क
1	मेसर्स न्यू विस्टा लिमिटेड रिसदा	2021-22	तालाब का गहरीकरण कार्य के लिए	7.08	-
		2022-23	तालाब का गहरीकरण कार्य के लिए	7.08	-
			सामुदायिक भवन कसडोल के निर्माण के लिए	1.25	-
2	मेसर्स श्री रायपुर सीमेंट खपराडीह		एस.डी.एम. कार्यालय कसडोल में गार्डन के निर्माण हेतु	2.58	-
3	मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट लिमि. हिरमी	2022-23	एस.डी.एम. कार्यालय कसडोल में सभागार के निर्माण	2.58	-
4-	मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट लिमि. रावन	2021-22	कसडोल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत	65.67	-
		2022-23	विभिन्न ग्रामों में शिक्षा स्वास्थ्य अधोसंरचना आदि। (कार्यवार **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखेप्र पत्र-''स''** अनुसार है।)	55.69	-

छत्तीसगढ़ के ग्राम पंचायतों में पदस्थ ग्राम पंचायत सचिवों का नियमितीकरण

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

20. (क्र. 2281) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या छत्तीसगढ़ के ग्राम पंचायतों में पदस्थ ग्राम पंचायत सचिवों का नियमितीकरण किये जाने की कोई योजना हैं? यदि हां ,तो कब तक किया जावेगा ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : ग्राम पंचायत सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के पंचायत सेवा के नियमित कर्मचारी है। अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता।

रायगढ़ जिले में भूमि आबंटन हेतु सीएसआईडीसी को प्राप्त आवेदन पत्र

[वाणिज्य एवं उद्योग]

21. (क्र. 2302) श्री पुरन्दर मिश्रा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2020 से 2023 तक रायगढ़ जिले में उद्योग स्थापना अथवा अन्य प्रयोजन हेतु सी.एस.आई.डी.सी. को भूमि आबंटन हेतु कुल कितने उद्योग समूहों से आवेदन प्राप्त हुऐ तथा किन—किन उद्योग समूहों को भूमि आबंटित की गई? विवरण देवें? **(ख)** क्या प्रश्नांक 'क' में उल्लेखित अवधि में सचिव, उद्योग व संचालक, उद्योग को भूमि आबंटन में गड़बड़ी संबंधी कोई शिकायत हुई है? यदि हां, तो शिकायत पर की गई कार्यवाही का विवरण देवें? यदि नहीं, तो कारण बतावें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) वर्ष 2020 से 2023 तक रायगढ़ जिले में उद्योग स्थापना अथवा अन्य प्रयोजन हेतु सी.एस.आई.डी.सी. को भूमि आबंटन हेतु कुल 08 उद्योग समूहों से आवेदन प्राप्त हुए तथा कुल 8 इकाइयों को भूमि आबंटन की गई है। जिसकी विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न **प्रपत्र-''अ''** पर दर्शित है।**(ख)** जी हां, प्रश्नांकित अवधि में उद्योग को भूमि आबंटन में गड़बड़ी संबंधी 01 शिकायत मेसर्स एन.आर. आयरन एण्ड पॉवर प्रा.लि. के विरूद्ध मुख्य सचिव, छ.ग. शासन, महानदी भवन को की गई है, जिसकी विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न **प्रपत्र-''ब''** पर दर्शित है।शिकायत प्रकरण परीक्षणाधीन है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पचास "]

जशपुर जिला में दुष्कर्म के आरोपी के फरार होने के मामले में कार्यवाही

[गृह]

22. (क्र. 2303) श्री पुरन्दर मिश्रा : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या जशपुर जिला में दिसंबर, 2023 में बगीचा थाना से दुष्कर्म की घटना का आरोपी फरार हुआ है? यदि हां, तो पुलिस अधीक्षक द्वारा दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कोई कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो क्यों ? **(ख)** प्रश्नांक 'क' के संदर्भ में अब तक क्या-क्या कार्यवाही की गई है ? विवरण देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जी हॉ। पुलिस अधीक्षक द्वारा दोषी पुलिस कर्मियों के विरूद्ध विभागीय जांच क्रमांक 2/2024, संस्थित कर आरोप पत्र जारी किया गया है। शेषांश उपस्थित नहीं होता है। **(ख)** दोषी पुलिस कर्मियों के विरूद्ध प्राथमिकी जॉच उपरान्त विभागीय जॉच क्रमांक 2/2024 संस्थित की गई, जॉच प्रक्रियाधीन है।

प्रदेश के विभागों में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विषय के छात्रों हेतु स्वीकृत/रिक्त पद

[तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार]

23. (क्र. 2322) श्री संदीप साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ में कितने इंजीनियरिंग महाविद्यालय हैं जहां पर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विषय में

अध्ययन कराया जाता है? शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों के नाम सहित जानकारी देवें? **(ख)** वर्ष 2022 से लेकर जनवरी, 2024 तक कितने छात्र उत्तीर्ण हुए? शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों में उत्तीर्ण छात्रों की संख्या बताएं? **(ग)** प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विषय में उत्तीर्ण छात्रों के लिए किन-किन विभागों में कितने पद स्वीकृत हैं? रिक्त पदों की जानकारी विभागवार देवें? **(घ)** रिक्त पदों पर भर्ती हेतु शासन की क्या योजना है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क)छत्तीसगढ़ में 03 शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालयो, 14 निजी इंजीनियरिंग महाविद्यालयो में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, 02 शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालयो, 07 निजी इंजीनियरिंग महाविद्यालयो में सूचना प्रौद्योगिकी विषय में अध्ययन कराया जाता है, शासकीय एवं निजी महाविद्यालयो के नाम सहित जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है।**(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है ।**(ग)**प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विषय में उत्तीर्ण छात्रों के लिए तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित पॉलिटेक्निक संस्थाओ में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विषय में व्याख्याता के 69 पद स्वीकृत तथा 16 पद रिक्त है । सूचना प्रौद्योगिकी विषय में 20 पद स्वीकृत एवं 11 पद रिक्त है ।**(घ)**अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्, नई दिल्ली की अधिसूचना 01 मार्च 2019 के अनुरूप सेवा भर्ती नियम में संशोधन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है ।
[संलग्न "परिशिष्ट - इन्क्यावन"]

छत्तीसगढ़ प्रदेश में जिंदल के नाम से संचालित उद्योग

[वाणिज्य एवं उद्योग]

24. (क्र. 2323) श्री संदीप साहू : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ प्रदेश में जिंदल के नाम से कौन-कौन से उद्योग, कहां-कहां संचालित हैं तथा उन उद्योगों एवं छत्तीसगढ़ राज्य के साथ कब-कब एमओयू किया गया था? **(ख)** रायपुर जिले में स्थित जिंदल प्लान्ट में क्या कार्य किया जाता है तथा उक्त प्लान्ट की वार्षिक उत्पादन क्षमता क्या है? **(ग)** क्या छत्तीसगढ़ प्रदेश में संचालित जिंदल के समस्त प्लांटों द्वारा पर्यावरण को प्रदूषित होने से रोकने हेतु सभी मानदण्डों का पालन किया जा रहा है? यदि नहीं,तो किन-किन प्लांटों पर क्या कार्यवाही की गई है? **(घ)** छत्तीसगढ़ प्रदेश में जिंदल के नाम से समस्त संचालित उद्योगों द्वारा विगत् दो वर्षों में सीएसआर मद से कौन-कौन से कार्य कराये गये हैं?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) छत्तीसगढ़ प्रदेश में जिंदल के नाम से विभाग में पंजीकृत उद्योग की**विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-''अ''** पर दर्शित है। जिन्दल कंपनी एवं छत्तीसगढ़ राज्य के मध्य निष्पादित एम.ओ.यू. की**विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-''ब''** पर दर्शित है। **(ख)** रायपुर जिले में स्थित मे. जिंदल स्टील एण्ड पावर लि., मंदिर हसौद रायपुर में उत्पाद स्टील कास्टिंग एण्ड फेब्रिकेशन का कार्य किया जाता है जिसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 50000 मेट्रिक टन है एवं मे. जिंदल तार्प, ग्राम-कुम्हारी, धरसींवा में उत्पाद तारपोलिन का कार्य किया जाता है जिसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 720 टन है। **(ग)** छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 इकाई मेसर्स जिंदल स्टील एण्ड पावर लिमिटेड, ग्राम-पतरापाली, जिला-रायगढ़ द्वारा पर्यावरण को प्रदूषित होने से रोकने हेतु मानदण्डों को संतोषप्रदन नहीं पाया गया था। जिस पर की गई कार्यवाही की **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-''स''** पर दर्शित है। **(घ)** छत्तीसगढ़ प्रदेश में जिंदल के नाम से समस्त संचालित उद्योगों द्वारा विगत् दो वर्षों में सीएसआर मद से कराये गये कार्यो की **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र-''द''** पर दर्शित हैं।
[संलग्न "परिशिष्ट - बावन"]

मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में स्थापित वाचनालय

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

25. (क्र. 2324) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत कितनी ग्राम पंचायतों में वाचनालय स्थापित हैं ? स्थापित वाचनालय क्या

ग्राम पंचायत भवन से अलग भवन में संचालित हैं ? वाचनालय का संचालन किसके द्वारा किया जाता है एवं वाचनालय खुलने का समय क्या निर्धारित है ? ग्राम पंचायतों में स्थापित वाचनालयों में क्या-क्या सुविधा है? कृपया बतावें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : 146 ग्राम पंचायतों में वाचनालय स्थापित है। 01 वाचनालय, ग्राम पंचायत भवन से अलग भवन में संचालित है शेष 145 वाचनालय, ग्राम पंचायत भवन में संचालित है। वाचनालय का संचालन ग्राम पंचायत सचिव के द्वारा किया जाता है एवं वाचनालय खुलने का समय प्रातः 10ः00 बजे से शाम 5ः30 बजे तक निर्धारित है। ग्राम पंचायतों में स्थापित वाचनालयों में बैठने के लिए फर्नीचर, बिजली, पेयजल एवं वाचन हेतु विभिन्न प्रकार के किताब व पत्रिका की सुविधा है।

विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़कों की मरम्मत

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

26. (क्र. 2338) श्री रामकुमार यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना की कितनी सड़कें हैं? विवरण देवें ? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के अनुसार कितनी सड़कें वर्तमान में अति जर्जर हैं? विवरण देवें? **(ग)** प्रश्नांक ''क'' के अनुसार वर्ष 2021-22 से प्रश्नावधि तक कितनी सड़कों का वार्षिक संधारण/नवीनीकरण कार्य, कितनी राशि से स्वीकृत किया गया है? विवरण ग्राम, सड़कवार ,वर्षवार देवें? **(घ)** वर्तमान में जर्जर सड़कों की किस प्रकार से मरम्मत की जा रही है? बतावें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत चन्द्रपुर विधानसभा क्षेत्र में 63 सड़कें निर्मित है एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना की 28 सड़कें निर्मित है। जिसमें से 02 सड़कों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा पुननिर्माण, चैड़ीकरण का कार्य कराया गया है। **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के तहत् दोनो योजना के अंतर्गत कोई भी सड़क अति जर्जर होने की जानकारी **निरंक** है। **(ग)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(घ)** दोनों योजना के तहत् वर्तमान में जर्जर सड़क नहीं होने के कारण उक्त जानकारी **निरंक** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरपन"]

विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर अंतर्गत स्थित उद्योगों द्वारा फ्लाईएश डस्ट डालने हेतु प्राप्त अनुमति

[वाणिज्य एवं उद्योग]

27. (क्र. 2346) श्री रामकुमार यादव : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर के अंतर्गत स्थापित उद्योगों (आर.के एम./डी़ बी पावर प्लांट़) द्वारा फ्लाईएश डस्ट निकालने हेतु विभाग से अनुमति ली गई है ? जानकारी देंवे ? **(ख)** क्या इन उद्योगों ने फ्लाईएश डस्ट निकालने एवं गड्ढों में डालने हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त किया है? यदि हां, तो कहां से ? विवरण देवें ? **(ग)** वर्ष 2021-22 से प्रश्नावधि तक इन उद्योगों द्वारा किन- किन स्थानों पर कब-कब फ्लाईएश डस्ट डाली गई है? विवरण देवें? **(घ)** क्या फ्लाईएश डस्ट डालने संबंधित कोई शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हां,तो उस पर की गई कार्यवाही का विवरण देवें ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर के अंतर्गत स्थापित पॉवर प्लांटों मेसर्स आर.के.एम. पॉवर जेन प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम-उच्चपिंण्डा, तहसील-डभरा, जिला सक्ती एवं मेसर्स डी.बी. पॉवर लिमिटेड, ग्राम-बाड़ादरहा तहसील-डभरा, जिला-सक्ती को राखड़ (फ्लाईएश) निकालने हेतु शासन से अनुमति की आवश्यकता नहीं होती है।**(ख)** मेसर्स आर.के.एम. पॉवर जेन प्राईवेट पॉवर ड, ग्राम- उच्चपिंण्डा, तहसील-डभरा, जिला सक्ती एवं मेसर्स डी.बी. पॉवर लिमिटेड, ग्राम-बाड़ादरहा तहसील-डभरा, जिला- सक्ती द्वारा ऐश का निचली भूमि एवं खदान में भू-भराव किये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र संबंधित ग्राम पंचायत/नगर

पंचायत तथा क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर से लिया गया है।**(ग)** वर्ष 2021-22 से प्रश्नावधि तक इन उद्योगों द्वारा फ्लाईएश डस्ट डालने की **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ-1 एवं प्रपत्र-अ-2** पर दर्शित है।**(घ)** फ्लाईएश डस्ट डालने संबंधित शिकायत की **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखेप्रपत्र-ब-1 एवं प्रपत्र-ब-2** पर दर्शित है।

चन्द्रपुर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़कों का संधारण कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

28. (क्र. 2347) श्री रामकुमार यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र चन्द्रपुर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना की कितने सडकें हैं ? विवरण देवें। **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के अनुसार कितनी सड़कें वर्तमान में अति जर्जर है ? विवरण देवें। **(ग)** प्रश्नांक ''क'' के अनुसार वर्ष 2021-22 से 2023-24 में प्रश्नावधि तक कितनी सड़कों का वार्षिक संधारण/नवीनीकरण कार्य कब व कितनी राशि से स्वीकृत किया गया है ? विवरण ग्राम, सड़कवार देवें। **(घ)** वर्तमान में जर्जर सड़कों की किस प्रकार से मरम्मत की जा रही है ? बतावें।

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** सड़क अति जर्जर होने की जानकारी **निरंक** है। **(ग)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है। **(घ)** दोनों योजना के तहत् वर्तमान में जर्जर सड़क नहीं होने के कारण उक्त जानकारी **निरंक** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौवन"]

अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग की बच्ची व महिलाओं के विरूद्ध घटित दुराचार पर मुआवजा

[गृह]

29. (क्र. 2352) श्री धरमलाल कौशिक : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में जनवरी, 2021 से नवम्बर, 2023 तक अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग की कितनी बच्ची व महिलाओं के विरूद्ध दुराचार की घटना हुई है ? इस प्रकार की घटनाओं में पीड़िता को कितनी राशि मुआवजा/सहायता/राहत हेतु प्रदान करने के प्रावधान हैं ? जिलेवार व वर्षवार जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका **(क)** अनुसार कितनी पीड़िताओं को उक्तानुसार कितनी राशि प्रदाय की गई है तथा कितनों को प्रदाय किया जाना शेष है तथा कितने प्रकरणों में 6 माह से अधिक अवधि से राशि लंबित है व क्यों ? **(ग)** कंडिका **(क)** अनुसार पीड़िताओं में कितनी पीड़िताएं 10 वर्ष से कम आयु वर्ग की हैं ? इन वर्ग की बच्चियों व महिलाओं के साथ उक्तानुसार घटनाएं न हो, इसके लिए क्या उपाय किये गए हैं ? इन वर्गों की बच्चियों व महिलाओं के साथ दुराचार की घटना में प्रति लाख जनसंख्या में होने वाले अपराध के आधार पर प्रदेश का देश में कौन सा स्थान है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में बच्चे एवं महिलाओं के विरूद्ध कुल 1991 प्रकरण दर्ज हैं। पीड़िता को 04 लाख देने का प्रावधान हैं । जिलेवार व वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय प्रपत्र-''अ''** पर रखे अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय प्रपत्र-''ब''** पर रखे अनुसार है। **(ग)** कुल संख्या 22 है। सभी थानों में सघन गस्त, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, नषा विरोधी अभियान, संवेदनषील स्थानों में सीसीटीव्ही कैमरा, गुड टच बैंड टच सायबर अपराध, सोषल मीडिया का सुरक्षित उपयोग, आत्मरक्षा कानूनी अधिकार, महिला हेल्प एवं चाईल्ड हेल्प लाईन, डॉयल-112 के बारे में विषेष प्रषिक्षण तथा महिला सुरक्षा हेतु अभिव्यक्ति ऐप लांच किया गया है। प्रदेष का देष में स्थान की जानकारी **पुस्तकालय प्रपत्र-''स''** पर रखे अनुसार है।

जिला-बालोद के पॉलिटेक्निक संस्थाओं में संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रम

[तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार]

30. (क्र. 2369) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-जिला-बालोद के पॉलिटेक्निक संस्थाओं में वर्तमान में कितने डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित हैं? इन पाठ्यक्रमों को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् नई दिल्ली के अप्रूवल प्रोसेस हैण्डबुक/एक्सटेंशन ऑफ अप्रूवल के अनुसार कितने समूहों में विभाजित किया गया है? जानकारी देवें।

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : जिला-बालोद के शासकीय पॉलिटेक्निक, बालोद में वर्तमान में 03 डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित हैं । इन पाठ्यक्रमों को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् नई दिल्ली के अप्रूवल प्रोसेस हैण्डबुक/एक्सटेंशन ऑफ अप्रूवल के अनुसार2 समुह में विभाजित किया गया है- 1 - कोर ब्रांचेस 2- एमर्जिंग एरिया ब्रांचेस। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पचपन"]

जिला बालोद में राज्य आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत पंजीकृत महिला स्वसहायता समूह

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

31. (क्र. 2473) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला बालोद में राज्य आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत कितनी महिला स्वसहायता समूह पंजीकृत है? जनपद क्षेत्रवार जानकारी देवें.? **(ख)** दिनांक 31 जनवरी, 2024 की स्थिति में उक्त में से कितनी महिला स्वसहायता समूह क्रियाशील हैं एवं इन पर विभिन्न बैंको का कितना कर्ज बाकी है? जानकारी देवें.?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) एनआरएलएम एमआईएस में पंजीकृत स्व-सहायता समूह की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छप्पन"]

सिहावा विधानसभा क्षेत्र में नवीन पुलिस चौकी की स्वीकृति

[गृह]

32. (क्र. 2493) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** सिहावा विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2022-23 में कहां-कहां पर, नवीन पुलिस चौकी स्वीकृत की गई ? क्या उक्त चौकी में स्वीकृत स्टॉफ पदस्थ है ? यदि नहीं तो रिक्त पदों पर कब तक पदस्थ किया जावेगा? **(ख)** सिहावा विधानसभा क्षेत्र में कहां-कहां पर नवीन पुलिस चौकी प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में कोई भी पुलिस चौकी स्वीकृत नहीं की गई है। प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। **(ख)** सिहावा विधानसभा क्षेत्र में कोई भी नवीन पुलिस चौकी खोले जाने का प्रस्ताव नहीं है। प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

सिहावा विधान सभा क्षेत्रांतर्गत स्वीकृत व कार्यरत पुलिस बल

[गृह]

33. (क्र. 2494) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-31 दिसम्बर, 2023 की स्थिति में सिहावा विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत सभी थाना व चौकियों में कितने-कितने पद पदवार स्वीकृत कार्यरत व रिक्त हैं? कृपया थानावार जानकारी प्रदाय करें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सनतावन"]

जिला सरगुजा में उद्योग लगाने हेतु हुए एम.ओ.यू. का क्रियान्वयन

[वाणिज्य एवं उद्योग]

34. (क्र. 2506) श्री रामकुमार टोप्पो : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला सरगुजा में पिछले तीन वर्षों में किन-किन निजी औद्योगिक कंपनियों द्वारा, कौन-कौन से उत्पादों से सम्बंधित उद्योग लगाने हेतु छत्तीसगढ़ शासन के साथ, कितनी राशि का एम.ओ.यू. किया गया है? कृपया वतावें? **(ख)** प्रश्नांक 'क' के परिप्रेक्ष्य में इस सम्बन्ध में क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति बतावें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) पिछले तीन वर्षों में एम.ओ.यू. निष्पादित करने वाली इकाईयों में से 3 इकाईयों द्वारा उद्योग स्थापना हेतु सरगुजा जिले का चयन किया गया है। इकाईयों के नाम, उत्पाद का नाम एवं प्रस्तावित पूंजी निवेश की विस्तृत विवरण जानकारी **संलग्न प्रपत्र** के कॉलम क्रमशः 2, 4 एवं 5 पर दर्शित है। **(ख)** उत्तरांश 'क' के परिपे्रक्ष्य में निवेशकों से प्राप्त जानकारी अनुसार क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र के कॉलम-7** में उल्लेखित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अनठावन"]

उद्योगों से सीएसआर की राशि लेने व खर्च करने के नियम

[वाणिज्य एवं उद्योग]

35. (क्र. 2509) श्री धरमलाल कौशिक : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में सीएसआर की राशि उद्योगों से लेने व उसको खर्च करने के नियम क्या हैं? वित्तीय वर्ष अप्रैल, 2022 से दिसम्बर, 2023 तक कितनी राशि इस मद में उद्योगों से ली जानी थी/खर्च की जानी थी? कितनी राशि प्राप्त हुई? कितनी राशि व्यय हो गई है व कितनी राशि शेष है ? **(ख)** बिलासपुर जिले में प्रश्नांश ''क'' अनुसार किन-किन उद्योगों व कंपनियों के द्वारा कितनी राशि व्यय की जानी थी व कितनी राशि व्यय की गई है तथा व्यय की गई राशि का सत्यापन, किसके द्वारा किया गया है?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) सीएसआर की राशि उद्योगो से लेने एवं उसको खर्च करने की प्रक्रिया भारत सरकार द्वारा लागू कंपनी अधिनियम 2013 तथा कंपनी (कार्पोरेट सामाजिक दायित्व नीति) नियम 2014 (यथा संशोधित 2021) (प्रतिलिपी **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''अ''** पर दर्शित है) के अतंर्गत वर्णित प्रावधानों के नियमों अनुसार प्रशासित होती है। इन नियमों के अंतर्गत उद्योगों से राशि लिये जाने का कोई प्रावधान नहीं हैं। अतः प्राप्त राशि, व्यय राशि एवं शेष राशि की जानकारी निरंक है।**(ख)** बिलासपुर जिले में प्रश्नांश ''क'' अनुसार किन-किन उद्योगों व कंपनियों के द्वारा स्वयं की ओर से सी.एस.आर. मद में व्यय की गई राशि का **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''ब''** पर दर्शित है

श्रम विभाग में प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी पद के स्वीकृत एवं रिक्त पद

[श्रम]

36. (क्र. 2510) श्री धरमलाल कौशिक : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रश्न दिनांक की स्थिति में प्रदेश में श्रम विभाग में प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के कौन-कौन से पद स्वीकृत, रिक्त व भरे हुए हैं? राज्य/जिलेवार जानकारी देवें? **(ख)** वर्ष 2022 से उपरोक्त अधिकारियों के विरूद्ध क्या शिकायत की गई तथा क्या कार्यवाही की गई? क्या जांच अधिकारी/समिति बनाई गई तो उनके निष्कर्ष क्या थे? वर्षवार जानकारी देवें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) श्रम विभाग अंतर्गत दिनांक 31.01.2024 की स्थिति में प्रदेश में प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के स्वीकृत, रिक्त व भरे हुए पदों की राज्य एवं जिलेवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** वर्ष 2022 से दिनांक 31.01.2024 तक अधिकारियों के विरूद्ध प्राप्त शिकायत एवं शिकायत पर की गयी कार्यवाही की वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है।

प्रदेश में एथेनॉल प्लांट हेतु किये गये एम. ओ. यू.

[वाणिज्य एवं उद्योग]

37. (क्र. 2523) श्री धर्मजीत सिंह : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में अप्रैल, 2019 से मार्च, 2023 तक कितने एथेनॉल प्लांट का एम. ओ. यू., किस-किस एजेंसी के साथ किया गया है? वर्षवार विवरण देवें? **(ख)** कंडिका ''क'' के एम.ओ.यू. के विरुद्ध कितने एथेनॉल प्लांट से बिजली उत्पादन प्रारंभ हो गया है? कितने निर्माणाधीन एवं कितने अप्रारंभ हैं? विवरण देवें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) प्रदेश में अप्रैल, 2019 से मार्च, 2023 तक एथेनॉल प्लांट की स्थापना के लिए कुल 33 ईकाइयों द्वारा एमओयू, निष्पादित किया गया है। ईकाइयों की सूची **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र** के कालम-2 अनुसार है। वर्षवार विवरण निम्नानुसार हैः- अप्रैल, 2019 से मार्च, 2020 तक - निरंक, अप्रैल, 2020 से मार्च, 2021 तक - 08 एमओयू, अप्रैल, 2021 से मार्च, 2022 तक - 19 एमओयू, अप्रैल, 2022 से मार्च, 2023 तक - 06 एमओयू, कुल - 33 एमओयू**(ख)** उत्तरांश ''क'' '' के एमओयू में से 01 एथेनॉल प्लांट मेसर्स एनकेजे बायोफ्यूल प्रा.लि., भिलाई, जिला दुर्ग द्वारा एथेनॉल के उत्पादन के साथ-साथ बिजली उत्पादन (केप्टिव पावर प्लांट) भी प्रारंभ कर दिया गया है। 09 ईकाइयां निर्माणाधीन है, 13 ईकाइयों में उद्योग स्थापना हेतु क्रियान्वयन प्रारंभ है एवं 10 ईकाइयों में कार्य अप्रारंभ है। **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्सठ"]

बिलासपुर संभाग अंतर्गत नवीन उद्योग स्थापित करने हेतु किये गये एम.ओ.यू.

[वाणिज्य एवं उद्योग]

38. (क्र. 2526) श्री धर्मजीत सिंह : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बिलासपुर संभाग अंतर्गत विगत 03 वर्षों में किस-किस क्षेत्र में कौन-कौन से उद्योग लगाने हेतु राज्य सरकार द्वारा किस-किस (संस्था/ उद्योगपति) से एम.ओ.यू. किया गया है? वर्षवार विवरण देवें? **(ख)** कंडिका ''क'' के तहत् उद्योग स्थापित करने के लिए क्या नियम एवं शर्तें हैं? विवरण देवें? क्या बीपीएल परिवार वालों को उद्योग स्थापित करने में अनुदान दिए जाने का प्रावधान रखा गया है? यदि हां, तो विवरण देवें? **(ग)** कंडिका ''क'' के एम.ओ.यू. में से अब तक कौन-कौन से उद्योग प्रारंभ हो चुके हैं? विवरण देवें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) बिलासपुर संभाग अंतर्गत विगत 03 वर्षों (वित्तीय वर्ष) में निम्नांकित विवरण अनुसार क्षेत्रों में एम.ओ.यू. किये गये हैं :-

क्र.	**क्षेत्र (सेक्टर)**	**एम.ओ.यू. संख्या**
1	स्टील सेक्टर	27
2	एथेनॉल	4
3	डिफेंस	1
4	[खाद्य प्रसंस्करण	1
5	सीमेंट सेक्टर	1
कुल		**34**

एमओयू निष्पादित करने वाले (संस्था/उद्योगपति) एवं उत्पाद का नाम संबंधित **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ में दर्शित** है। एमओयू निष्पादन का वर्षवार विवरण निम्नानुसार हैः-

अप्रैल, 2020 से मार्च, 2021	22 एमओयू
अप्रैल, 2021 से मार्च, 2022	09 एमओयू
अप्रैल, 2022 से मार्च, 2023	03 एमओयू
कुल -	**34 एमओयू**

(ख) उत्तरांश ''क'' अनुसार एमओयू निष्पादित इकाइयों हेतु एमओयू की शर्तें **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब** में दर्शित है। बीपीएल परिवार वालों को उद्योग स्थापित करने में अनुदान दिये जाने का प्रावधान नहीं है, अपितु औद्योगिक नीति 2019-24 के अंतर्गत अनुसूचित जाति/जनजाति, नक्सल प्रभावित व्यक्ति, निःशक्तजन वर्ग, महिला, युवा बेरोजगार आदि वर्ग के उद्यमियों को सामान्य वर्ग के उद्यमियों से अधिक औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन दिये जाने का प्रावधान किया गया है। औद्योगिक नीति 2019-24 के अंतर्गत अनुदानों/छूट/रियायतों का विवरण नीति के **परिशिष्ट**-6 पर दर्शित है, जिसकी **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स** में दर्शित है। **(ग)** कंडिका ''क'' के एमओयू में से अब तक 6 उद्योग में उत्पादन प्रारंभ हो चुका है। **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-द** में दर्शित है।

जिला-रायपुर में निजी औद्योगिक कंपनियों के द्वारा उद्योग लगाने हेतु किए गए एम.ओ.यू.

[वाणिज्य एवं उद्योग]

39. (क्र. 2580) श्री राजेश मूणत : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** किन-किन निजी औद्योगिक कंपनियों के द्वारा जिला-रायपुर में कौन-कौन से उत्पादों से संबंधित उद्योग लगाने हेतु छ.ग. शासन के साथ दिनांक 1.1.2019 से 30.11.2023 के बीच एम.ओ.यू. किया गया था? **(ख)** प्रश्नांक 'क' के परिप्रेक्ष्य में इस संबंध में क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति बतावें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) दिनांक 01.01.2019 से 30.11.2023 के मध्य छत्तीसगढ़ शासनके साथ एम.ओ.यू. निष्पादित करने वाली इकाईयों में से 42 इकाईयों द्वारा उद्योग स्थापना हेतु रायपुर जिले का चयन किया गया है। इकाईयों के नाम एवं उत्पाद का नाम **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र के कालम-2 एवं 4** में दर्शित है। **(ख)** उत्तरांश ''क'' के परिप्रेक्ष्य में निवेशकों से प्राप्त जानकारी अनुसार 42 इकाईयों के क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र के कालम-6** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - साठ"]

जिला रायगढ़ अंतर्गत आयोजित रोजगार मेला का आयोजन एवं प्रदत्त रोजगार

[तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार]

40. (क्र. 2586) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)**जिला रायगढ़ अंतर्गत विगत 03 में कहाँ-कहाँ, किसके आदेश पर, रोजगार मेला का आयोजन किया गया है? किस-किस कंपनी द्वारा कितने लोगों को रोजगार प्रदान किया गया है, वर्षवार जानकारी देवें? (ख) कितने लोगों को रोजगार दिया जाना शेष है, कब तक प्रदान किए जाएँगे?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क)जिला रायगढ़ अंतर्गत रोजगार मेला का आयोजन एवं कंपनी द्वारा लोगों को रोजगार प्रदान की गई वर्षवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।(ख)**प्रश्नांश 'ख' की जानकारी दिया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इकसठ"]

ड्रोन एवं बुलटप्रूफ जैकेट की खरीदी

[गृह]

41. (क्र. 2592) श्री सुशांत शुक्ला : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या गृह विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2022-23 तक ड्रोन तथा बुलटप्रूफ जैकेट क्रय किये गए हैं ? यदि हां तो कितनी-कितनी मात्रा में, किस-किस दर पर कितनी राशि का ? वर्षवार , सामग्रीवार, जानकारी उपलब्ध करावें । **(ख)** प्रश्नांश "क" की अवधि के पूर्व अंतिम बार उक्त दोनों सामग्री विभाग द्वारा कब और किस दर पर खरीदी गयी ? जानकारी उपलब्ध करावें । **(ग)** क्या प्रश्नांश "क" की खरीदी शासन के निर्धारित मापदंडो/ प्रावधानों/ नियमों के अंतर्गत हुई थी ? यदि नहीं तो जिम्मेदार अधिकारियों पर क्या कार्यवाही की गई ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। **(ग)** जी हां ।
[संलग्न "परिशिष्ट - बैंसठ"]

जिला बिलासपुर के अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा कार्यवार व्यय

[श्रम]

42. (क्र. 2593) श्री सुशांत शुक्ला : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** श्रम विभाग द्वारा बिलासपुर जिला अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में जनवरी, 2024 तक किन-किन मदों में, किस-किस कार्य हेतु, कितना-कितना व्यय/कार्यादेश जारी किया गया है? **(ख)** प्रश्नांश "क" में किन-किन कार्यों हेतु, किस-किस फर्म/ व्यक्ति को, कितनी-कितनी राशि का कार्यादेश/ सामग्री आपूर्ति आदेश प्रदान किया गया? जानकारी उपलब्ध करावें । **(ग)** क्या प्रश्नांश "ख" के कार्यादेशों हेतु शासन की निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किया गया ? यदि नहीं तो जिम्मेदार अधिकारियों पर क्या कार्यवाही की गयी ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) श्रम विभाग एवं श्रम विभाग के अंतर्गत गठित छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल तथा छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल द्वारा बिलासपुर जिला अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में जनवरी, 2024 तक मदवार किये गये कार्यादेश, कार्य का स्वरूप एवं व्यय की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।**(ख)** प्रश्नांकित अवधि में बिलासपुर जिले में जारी कार्यादेश/ सामग्री आपूर्ति आदेश, कार्य का स्वरूप, आदेशित फर्म/ व्यक्ति एवं राशि की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।**(ग)** जी हाँ, प्रश्नांश "ख" के कार्यादेश हेतु शासन के निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किया गया है। अतः जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही का प्रश्न उपस्थित नहीं होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरसठ"]

मजदूरों को बंधुवा मजदूर बनाने के संबंध में प्राप्त शिकायतें

[श्रम]

43. (क्र. 2595) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला जांजगीर-चाम्पा अंतर्गत वर्ष 2021-22 से 2023-24 में कितने मजदूरों को, किन-किन प्रदेशों में बंधुवा मजदूर बनाने एवं प्रताड़ना की शिकायतें प्राप्त हुई हैं? **(ख)** उस पर विभाग द्वारा क्या-क्या कार्यवाही की गई, संपूर्ण जानकारी प्रदान करें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) जिला जांजगीर-चाम्पा अंतर्गत वर्ष 2021-22 से 2023-24 में दिनांक 31.01.2024 तक बंधुवा मजदूर बनाने एवं प्रताड़ना की प्राप्त शिकायतों की

जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** उस पर विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

जैजेपुर विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यो की अद्यतन स्थिति

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

44. (क्र. 2600) श्री बालेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- जैजेपुर विधानसभा क्षेत्र में अंतर्गत वर्ष 2021 -22 से 31 दिसंबर, 2023 की स्थिति में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा कितनी लागत से, कितने कार्य कराये गये? इनमें से कितने कार्य अपूर्ण है? अपूर्ण होने का क्या कारण है? विकासखंडवार जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ एवं ब''** अनुसार है।

जैजेपुर विधान सभा क्षेत्र में मनरेगा के तहत प्राप्त राशि व शेष मजदूरी भुगतान

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

45. (क्र. 2601) श्री बालेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जैजेपुर विधान सभा क्षेत्र में मनरेगा के तहत वर्ष 2021-22 से दिसंबर, 2023 की स्थिति में कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई? प्राप्त आबंटन से, कितने कार्यो की स्वीकृति दी गई? दिनांक 31 दिसम्बर, 2023 तक कितना व्यय हुआ? **(ख)** प्रश्नांश "क" अनुसार क्या मजदूरी भुगतान किया जाना शेष है? यदि हां, तो लंबित भुगतान की राशि की जानकारी प्रदान करें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) केन्द्र एवं राज्य शासन के द्वारा महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत विधानसभावार राशि आबंटित नहीं की जाती है, अपितु योजनांतर्गत संपादित कार्यों में केन्द्र शासन द्वारा मजदूरी का 100 प्रतिशत एवं सामग्री का 75 प्रतिशत राशि तथा राज्य शासन द्वारा सामग्री का 25 प्रतिशत राशि एवं अतिरिक्त 50 दिवस का 100 प्रतिशत राशि, इस प्रकार कुल उपलब्ध राशि से राज्य नोडल खाता से सीधे श्रमिकों एवं सामग्री प्रदायकर्ता के खाते में राशि हस्तांतरित होती है। महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत जैजेपुर विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2021-22 से दिसम्बर, 2023 की स्थिति में 2038 कार्य स्वीकृत किया गया तथा राशि रू. 7630.21 लाख व्यय हुआ है। **(ख)** जी हाँ। राशि रू. 77.97 लाख का मजदूरी भुगतान लंबित है।

प्रदेश में उद्योगों की स्थापना हेतु आयोजन

[वाणिज्य एवं उद्योग]

46. (क्र. 2604) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** छत्तीसगढ़ प्रदेश में उद्योगों की स्थापना हेतु उद्यमियों को आकर्षित करने हेतु वर्ष 2022 - 23 में क्या-क्या आयोजन किया गया, स्तरवार बताएं ? **(ख)** छत्तीसगढ़ में स्थापित उद्योगों के समस्या निराकरण हेतु किस प्रकार के शासकीय आयोजन उक्तावधि में किये गये, स्थानवार बताएं ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) छत्तीसगढ़ प्रदेश में उद्योगों की स्थापना हेतु उद्यमियों को आकर्षित करने हेतु वर्ष 2022-23 में राज्य के विभिन्न जिलों में उद्यमिता विकास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। किये गये आयोजनों की **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र** पर दर्शित है। **(ख)**उत्तरांश ''क'' के समस्त आयोजन शासकीय विभाग द्वारा आयोजित थे एवं इसके दौरान ही उद्यमियों की समस्या का निराकरण भी किया गया।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौंसठ"]

खल्लारी विधानसभा क्षेत्रांतर्गत मनरेगा योजना में अनियमितता की प्राप्त शिकायतें

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

47. (क्र. 2605) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2021 -2022 तथा 2022-2023 एवं 2023-2024 में महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत अनिमियमितता की प्राप्त शिकायत की संख्या विकासखण्डवार, वर्षवार, बताएं ? **(ख)** उक्तावधि में प्राप्त शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई? विकासखंडवार बताएं ? **(ग)** मनरेगा अंतर्गत अनियमितता रोकने हेतु राज्य शासन द्वारा क्या प्रभावी कदम उठाया जा रहा है ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ग)** महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत अनियमितता को रोकने तथा जवाबदेही एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु कार्यस्थल पर श्रमिकों की उपस्थिति ऑनलाईन दर्ज किया जाता है। राज्य, जिला एवं जनपद स्तर के अधिकारियों द्वारा सतत् निगरानी करते हुये एरिया ऑफिसर मॉनिटरिंग एप्प के माध्यम से निरीक्षण किया जा रहा है। शिकायतों के निराकरण हेतु छत्तीसगढ़ ग्रामीण रोजगार गारंटी शिकायत निवारण नियम, 2012 बनाया गया है। जिलों में लोकपालों की नियुक्ति की गई है तथा महात्मा गांधी नरेगा के संपादित कार्यों का समाजिक अंकेक्षण करने हेतु पृथक से छत्तीसगढ़, सामाजिक अंकेक्षण इकाई का गठन किया गया है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पैंसठ"]

जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा में जांच नाका में वाहनों पर कार्यवाही

[गृह]

48. (क्र. 2612) श्री इंद्र साव : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या विभाग द्वारा अवैध शराब परिवहन को रोकने के लिए जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा में जांच नाका बनाया गया है ? यदि हां, तो जांच नाकाओं में वर्ष 2022-23 से प्रश्नावधि तक कितने वाहनों पर कार्यवाही की गई ? थानावार जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में अवैध शराब परिवहन को रोकने हेतु थाना स्तर पर जॉच नाका निर्मित नहीं है। अतः शेषांश उपस्थित नहीं होता है।

श्रम निरीक्षकों द्वारा उद्योगों का निरीक्षण एवं संगठित एवं असंगठित कर्मकारों के प्रदत्त सुविधायों

[श्रम]

49. (क्र. 2613) श्री इंद्र साव : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** भाटांपारा विधान सभा क्षेत्रांतर्गत श्रम विभाग अंतर्गत संगठित एवं असंगठित कर्मकारों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी देवें। अब तक संचालित हो रहे उद्योगों में श्रम निरीक्षकों द्वारा वर्ष 2022 से प्रश्नांश तक कितने उद्योगो का निरीक्षण किया गया ? विकासखण्डवार, उद्योगवार जानकारी देवें। **(ख)** क्या श्रम निरीक्षकों या विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान उद्योगों पर कार्यवाही की गई है ? यदि हॉ तो की गयी कार्यवाही का उद्योगवार, विवरण देवें।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : (क) भाटापारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत श्रम विभाग के अधीन छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत निर्माण श्रमिकों, छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत असंगठित कर्मकारों तथा छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत संगठित श्रमिकों हेतु वर्तमान में संचालित योजनाओं अंतर्गत देय हितलाभ की मंडलवार एवं योजनावार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'अ'**अनुसार है।वर्ष 2022 से दिनांक 13.02.2024 तक की

अवधि में भाटापारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित उद्योगों में श्रम निरीक्षक तथा कारखाना निरीक्षक द्वारा किए गए निरीक्षण की विकासखंडवार एवं उद्योगवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'ब' एवं 'स'**अनुसार है।**(ख)** जी हाँ, जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-'ब' एवं 'स'**अनुसार है।

डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र में पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी योजनांतर्गत स्वीकृत कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

50. (क्र. 2616) श्री दलेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या राजनांदगांव जिला के डोगरगांव विधानसभा क्षेत्र में पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी योजना संचालित है? यदि हां, तो उक्त योजना अंतर्गत 2021-22 से प्रश्नावधि तक कितनी राशि प्रावधानित है? उक्त राशि मे किये गये व्यय की ग्रामपंचायतवार, क्लस्टरवार, कार्यवार, स्थलवार, संरचनावार, एजेंसीवार जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : जी हां। योजनांतर्गत 2021-22 से प्रश्नावधि तक 137.62 लाख राशि प्रावधानित की गई। उक्त राशि मे किये गये व्यय की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छैंसठ"]

सुविधा निधि (एमिनिटी फण्ड) योजना एवं विशेष केन्द्रीय सहायता योजना में प्रावधनित राशि

[गृह]

51. (क्र. 2617) श्री दलेश्वर साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या सुविधा निधि (एमिनिटी फण्ड) योजना एवं विशेष केन्द्रीय सहायता योजना (एस सी ए स्कीम) संचालित है? यदि हां, तो उक्त योजना में वर्षं 2021-22 से जनवरी, 2024 तक राजनांदगांव जिले के लिये कितनी राशि प्रावधानित है? उक्त राशि में किये गये कार्य व व्यय की कार्यवार,स्थलवार, संरचनावार, एजेंसीवार जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : जी हां । सुविधा निधि एमीनिटी फण्ड में कोई राषि प्रावधानित नहीं है। विषेष केन्द्रीय सहायता योजना हेतु राषि रू0 37.75 करोड़ प्रावधानित है। जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र** अनुसार है ।

कबीरधाम जिले में टी.आई., ए.एस.आई एवं आरक्षक के स्वीकृत/कार्यरत एवं रिक्त पद

[गृह]

52. (क्र. 2620) श्रीमती भावना बोहरा : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-कबीरधाम जिले में दिनांक 31 जनवरी, 2024 की स्थिति में टी.आई., ए.एस.आई एवं आरक्षक के कितने पद स्वीकृत/कार्यरत एवं रिक्त हैं, थानेवार जानकारी देवें? रिक्त पदों पर पदस्थापना कब तक की जावेगी? विकासखण्डवार जानकारी देवें।

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : दिनांक 31 जनवरी, 2024 की स्थिति में स्वीकृत/कार्यरत एवं रिक्त पदों की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। समय-सीमा बताया जाना संभव नही है। प्रश्न उपस्थित नही होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - सड़सठ"]

खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में भवन-विहीन ग्राम पंचायत

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

53. (क्र. 2622) श्री भोलाराम साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान में कितने ग्राम पंचायत स्वयं के भवन में एवं भवन-विहीन कौन-कौन

सी ग्राम पंचायत संचालित की जा रही हैं तथा इनके लिए कब तक नवीन ग्राम पंचायत भवन की स्वीकृति प्रदान की जावेगी? विकासखण्डवार, जनपदवार जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : स्वयं के भवन में संचालित ग्राम पंचायतों की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। भवन विहीन ग्राम पंचायतों की संख्या **निरंक** होने के कारण शेष प्रश्नांश उपस्थित ही नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अड़सठ"]

जिला पंचायत एवं जनपद पंचायतों में निजी वाहनों का उपयोग

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

54. (क्र. 2624) श्री भोलाराम साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राजनांदगांव जिले के अंतर्गत वर्ष 2021-22 से 31 जनवरी, 2024 तक जिला पंचायत एवं जनपद पंचायतों के द्वारा कितने निजी वाहन किराये पर लिए गये हैं? इन वाहनों का उपयोग विभाग द्वारा किन-किन योजनाओं के अंतर्गत, किस तरह के कार्यो में किया गया है? वर्षवार, जनपद पंचायत वार जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका"क" के अनुसार किराये पर लिए गये निजी वाहनों का अनुबंध कब से कब तक किन नियमों व शर्तों के अनुरूप कितने-कितने किराये पर लिया गया है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र''** अनुसार है।

राजनांदगांव जिलांतर्गत थानो में चोरी एवं लूट पाट के दर्ज प्रकरण

[गृह]

55. (क्र. 2625) श्री भोलाराम साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राजनांदगांव जिले में वर्ष 2021-22 से 31 जनवरी, 2024 तक चोरी एवं लूट-पाट के कितने मामले दर्ज़ हुए हैं ? वर्षवार, थानावार जानकारी देवें ? **(ख)** कंडिका "क" के परिप्रेक्ष्य में दर्ज़ मामलों में से कितने प्रकरणों में विवेचना की कार्यवाही पूर्ण हो गई हैं तथा कितने अभी तक विवेचनाधीन हैं ? थानावार जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में राजनांदगांव जिले में दर्ज प्रकरणों की वर्षवार, थानावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** थानावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उनहत्तर"]

जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में पंचायत भवन हेतु स्वीकृत राशि

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

56. (क्र. 2628) श्री किरण देव : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कितने ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन नहीं है? कितने जर्जर हो चुके हैं? ग्राम पंचायत के नाम सहित जानकारी उपलब्ध करावें। **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार जर्जर भवन एवं भवन-विहीन पंचायतों को जनवरी, 2020 से जनवरी, 2024 तक कितनी-कितनी राशि किस-किस मद से स्वीकृत हुई है या प्रस्तावित है? वर्षवार व पंचायतवार जानकारी उपलब्ध करावें।

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) जानकारी **निरंक** है। शेषांश प्रश्न उपस्थित ही नहीं होता। **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

बस्तर संभाग अंतर्गत संचालित जेल

[जेल]

57. (क्र. 2629) श्री किरण देव : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बस्तर संभाग में कितने जेल किस-किस श्रेणी के कहां-कहां संचालित हैं एवं संचालित जेलों की क्षमता कितनी-कितनी है? जेल में सजायाप्त कैदियों को प्रतिदिन का भोजन, किस-किस दर पर एवं कितनी-कितनी मात्रा में उपलब्ध कराने का प्रावधान है? जिलेवार जानकारी उपलब्ध करावें। **(ख)** जनवरी, 2019 से दिसंबर, 2023 तक कहां-कहां नवीन जेल, उपजेल बनाया गया है? क्या निर्मित जेलों का संचालन प्रारंभ हो गया है? यदि हां, तो क्षमता कितनी-कितनी है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) छत्तीसगढ़ प्रदेश में जेलों का श्रेणी वर्गीकृत नहीं है। बस्तर संभाग में केन्द्रीय जेल 01, जिला जेल 03 एवं उप जेल 02 हैं। संचालित जेलों की क्षमता संलग्न प्रपत्र अनुसार है। जेल में सजायाप्त कैदियों को प्रतिदिन के भोजन हेतु दर निर्धारित नही है। जेल नियमावली नियम के अनुसार बंदियों को दिये जाने वाले भोजन हेतु सामग्री की मात्रा निर्धारित है, जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है **(ख)** जिला भाटापारा-बलौदाबाजार के भाटापारा तथा जिला कांकेर के भानुप्रतापपुर में 01-01 उप जेल का निर्माण कराया गया है। जेल भवन की सुरक्षा व्यवस्था के लिए सुरक्षा बल बैरक्स एवं टायलेट का निर्माण कार्य जारी है। जेलों का संचालन प्रारंभ नहीं हुआ है। निर्मित जेलों की बंदी आवास क्षमता 100-100 की है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्तर"]

जिला मुंगेली में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत स्वीकृत आवासों की अद्यतन स्थिति

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

58. (क्र. 2632) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला मुंगेली में वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक कुल कितने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास स्वीकृत किए गए हैं, वर्षवार विस्तृत विवरण देवें? **(ख)** कंडिका ''क'' के स्वीकृत आवास में कितने पूर्ण, अपूर्ण एवं अप्रारंभ हैं, वर्षवार विधानसभावार विस्तृत विवरण देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : (क) वर्षवार विस्तृत जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** वर्षवार, विधानसभावार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इकहत्तर"]

गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत प्रवासी मजदूरों का पंजीयन

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

59. (क्र. 2639) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2022-23 में कुल कितने प्रवासी मजदूर अन्य राज्य से वापस आए? **(ख)** क्या वापस आए प्रवासी मजदूरों में से कुल कितने मजदूरों का श्रम विभाग में पंजीयन किया गया? **(ग)** पंजीयन किए गए श्रमिकों को शासन की योजना अनुसार क्या क्या तथा कितने-कितने राशि से लाभान्वित किया गया?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : प्रश्नांश **(क)**, **(ख)** एवं **(ग)** की जानकारी **निरंक** है। शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता है।

नवीन जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में अवैध शराब प्रकरण पर कार्यवाही

[गृह]

60. (क्र. 2657) श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-नवीन जिला सारंगढ़- बिलाईगढ़ में 01/01/2023 से प्रश्नावधि तक अवैध शराब के कुल कितने प्रकरण दर्ज हुए तथा दर्ज प्रकरणों में कितने आरोपियों को जेल हुई और कितने लोगों की जमानत हुई ? थानावार जानकारी देवें ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : प्रश्नाधीन अवधि में नवीन जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में अवैध शराब से संबंधित दर्ज प्रकरणों की थानावार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बहत्तर"]

नवीन जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ बनने उपरांत सड़क दुर्घटनाओं पर कार्यवाही

[गृह]

61. (क्र. 2658) श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-नवीन जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ बनने के पश्चात् अब तक सड़क दुर्घटना में कुल कितने व्यक्ति /व्यक्तियों की मृत्यु हुई तथा कुल कितने घायल हुए तथा दुर्घटना कारित वाहन मालिकों पर एवं चालक पर क्या कार्यवाही हुई? जानकारी देवें?

